## मध्य रेलवे : 76वां गणतंत्र दिवस

# महाप्रबंधक ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

- मध्य रेलवे मुख्यालय, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस
- आरपीएफ द्वारा दिए गए गार्ड ऑफ ऑनर का किया अवलोकन





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** मध्य रेल के महाप्रबंधक धर्म वीर मीना ने 26 जनवरी, 2025 को मध्य रेल मुख्यालय, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई में 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। मीना ने आरपीएफ टुकड़ी द्वारा दिए गए गार्ड ऑफ ऑनर का अवलोकन भी किया और इस अवसर को यादगार बनाने के लिए तिरंगे गुब्बारे भी उड़ाए। सभी रेल कर्मियों, उनके परिवारों और सम्मानित ग्राहकों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि यह मध्य रेल के लिए एक गौरव का क्षण है, क्योंकि भारतीय रेल 3 फरवरी, 2025 को अपने विद्युतीकरण के 100 वर्ष पूरे होने का ऐतिहासिक उपलब्धि को सेलिब्रेट कर रहा है और संयोग से मध्य रेल में भी विद्युतीकरण 100% पूरा हो गया है।

### 141 ईएमयू महिला कोच में टॉक बैक सिस्टम

उन्होंने कहा कि उपनगरीय ट्रेनों में 141 ईएमयू रेक के महिला कोच में टॉक बैक सिस्टम लगाया गया है। उन्होंने ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते, ऑपरेशन अमानत, मेरी सहेली आदि के माध्यम से उत्कृष्ट कार्य करने के लिए आरपीएफ कर्मियों के प्रयासों की सराहना की। मीना ने खिलाड़ी स्वप्निल कुसाले को ओलंपिक में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए अर्जुन पुरस्कार प्राप्त करने और मलकीत सिंह को विश्व स्नूकर चैम्पियनशिप में उनके प्रदर्शन के लिए बधाई दी। महाप्रबंधक ने रेलवे कर्मियों को उनके उत्कृष्ट टीम वर्क के लिए बधाई दी और रेलवे को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए निरंतर प्रगति के पथ पर काम करने का आह्वान किया।

### अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2024 : सम्मान और गर्व की बात : धर्मवीर मीना

मध्य रेल के अधिकारियों और कर्मचारियों की पूरी टीम को बधाई देते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2024 के दौरान रेलमंत्री के कर कमलों द्वारा समग्र दक्षता के लिए प्रतिष्ठित गोविंद वल्लभ पंत शील्ड और 6 अन्य विभागीय शील्ड प्राप्त करना बहुत सम्मान और गर्व की बात है। उन्होंने अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2024 के 7 व्यक्तिगत पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने 24 डिवीजनल शील्ड के विजेता डिवीजनों और विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2024 के 97 व्यक्तिगत पुरस्कार विजेताओं को भी बधाई दी।

### दिव्यांगों को डिजिटल पहचान पत्र देने वाला रेलवे का पहला जोन

मध्य रेल की उपलब्धियों पर बोलते हुए जीएम मीना ने गर्व के साथ कहा कि मध्य रेल भारतीय रेल का पहला जोन है जिसने दिव्यांगजनों के लिए डिजिटल पहचान पत्र आरम्भ किया है, जिससे त्वरित और परेशानी मुक्त ऑनलाइन आरक्षण संभव हो गया है। उन्होंने गर्व के साथ यह भी साझा किया कि भुसावल मंडल के देवलाली स्टेशन को मध्य रेल पर पहला ग्रीन स्टेशन होने का गौरव प्राप्त है, जो पूरी तरह से सौर ऊर्जा से संचालित है और सानपाड़ा वर्कशॉप को ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा "शून्य प्लस" लेबल से सम्मानित किया गया है, जो भारत के नेट-जीरो कार्बन मिशन के लिए मध्य रेल के योगदान और प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

### उच्च राजस्व वृद्धि की हासिल

बुनियादी ढांचे के विकास और राजस्व पर बोलते हुए, मीना ने कहा, मध्य रेल ने इस वित्तीय वर्ष में उच्च राजस्व वृद्धि हासिल की है और नई लाइनें, मल्टीट्रैकिंग, नए गति शक्ति फ्रेट लोडिंग टर्मिनल, गुड्स शेड आदि की शुरुआत करके राष्ट्र के बुनियादी ढांचे में अपने योगदान की दिशा में लगातार प्रगति कर रहा है। उन्होंने वर्ष के दौरान लिफ्ट, एस्केलेटर जैसी यात्री सुविधाओं और एफओबी, आरओबी, आरयूबी जैसे संरक्षा उपायों और लेवल क्रॉसिंग फाटकों को हटाने के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि मध्य रेल ने वंदे भारत, डेमू, मेमू, उपनगरीय ट्रेनों और अन्य एलएचबी डिब्बों के कोच में सीसीटीवी कैमरों का प्रावधान करके यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं।



# पश्चिम रेलवे : जीएम अशोक मिश्र ने फहराया तिरंगा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** हमारे राष्ट्र का 76वां गणतंत्र दिवस पश्चिम रेलवे पर मुंबई के महालक्ष्मी खेल मैदान में पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर मनाया गया। महाप्रबंधक ने सेरिमोनियल परेड का भी निरीक्षण किया और मार्च पास्ट की सलामी ली। मिश्र ने रेलकर्मियों और उनके परिवारों को इस पवित्र अवसर की शुभकामनाएं देते हुए सभा को संबोधित किया। समारोह की शुरुआत में महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र का स्वागत पश्चिम रेलवे के आईजी सह प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त अजय सदानी ने किया। इस अवसर पर पश्चिम रेलवे की महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा मती क्षमा मिश्र, पश्चिम रेलवे के अपर महाप्रबंधक प्रकाश बुटानी, प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ-साथ अन्य वरिष्ठ रेल अधिकारी भी उपस्थित थे। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अपने गणतंत्र दिवस संदेश में महाप्रबंधक मिश्र ने पश्चिम रेलवे द्वारा हाल ही में हासिल की गई उपलब्धियों के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी। महाप्रबंधक ने वर्ष 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित दक्षता शील्ड प्राप्त करने के लिए पूरी पश्चिम रेलवे टीम की सराहना की। मिश्र ने अपने संबोधन के समापन पर कर्मचारियों से विकसित भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए नए जोश और समर्पण के साथ कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया।



▪ **पहली तस्वीर में** पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते हुए। **दूसरी तस्वीर में** मिश्र उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए और **अंतिम तस्वीर में** महाप्रबंधक 26 जनवरी,को मुंबई के महालक्ष्मी स्पोर्ट्स ग्राउंड में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान सामारोहिक परेड का निरीक्षण करते।



# डीआरएम राजेश वर्मा ने फहराया तिरंगा



**पुणे।** पुणे मंडल मध्य रेल ने मंडल खेल मैदान, ताड़ीवाला रोड, पुणे में गणतंत्र दिवस समारोह मनाया। राजेश कुमार वर्मा, मंडल रेल प्रबंधक, पुणे मंडल, मध्य रेल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा रेलवे सुरक्षा बल, सेंट जॉन एम्बुलेंस, नागरिक सुरक्षा और स्काउट एवं गाइड की रंगारंग परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने श्रोताओं को संबोधित किया तथा महाप्रबंधक मध्य रेल का संदेश पढ़ा, जो संदर्भ के लिए संलग्न है। इसके बाद बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा आरपीएफ शो के साथ-साथ के 9 डॉग शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के बाद सभी अधिकारीगण तथा डब्ल्युएसएसओ सदस्य लिटिल एंजल स्कूल, बलवाड़ी ताड़ीवाला रोड गए तथा स्कूली बच्चों को उपहार वितरित किए। इस अवसर पर, श्रीमती स्वाति वर्मा, अध्यक्ष महिला समाज सेवा संगठन (डब्ल्युएसएसओ) तथा अन्य सदस्यों ने मंडल रेलवे अस्पताल, पुणे में मरीजों को फल, बिस्कुट तथा उपहार वितरित किए। यह दिवस पुणे मंडल के अन्य डिपो तथा सभी स्टेशनों पर भी मनाया गया। बड़ी संख्या में रेलवे अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिवार इस रंगारंग समारोह के साक्षी बने।

▪ **रेलवे सुरक्षा बल, सेंट जॉन एम्बुलेंस, नागरिक सुरक्षा और स्काउट एवं गाइड की रंगारंग परेड का किया निरीक्षण**

## पश्चिम रेलवे अहमदाबाद मंडल

# डीआरएम सुधीर शर्मा ने फहराया झंडा



**अहमदाबाद।** पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मंडल पर 76वां गणतंत्र दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। मंडल रेल प्रबंधक सुधीर शर्मा ने अहमदाबाद स्थित रेलवे क्रिकेट ग्राउंड साबरमती में राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा झंडे को सलामी दी। रेलवे सुरक्षा बल, स्काउट & गाइड एवं सिविल डिफेंस द्वारा शानदार परेड की गयी तथा मंडल रेल प्रबंधक को गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया। इसके बाद शर्मा ने सभी रेल कर्मचारियों और उनके परिजनों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र के संदेश का वाचन किया और वर्ष 2024 के दौरान पश्चिम रेलवे की उपलब्धियों के बारे में बताया कि अहमदाबाद मण्डल ने कलोल-गांधीनगर सेक्शन पर सिंगल लाइन पर बॉक्स पुलिंग विधि द्वारा महज 48 घंटे में रोड अंडर ब्रिज का निर्माण करके एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की,जो भारतीय रेल पर अपनी तरह का पहला मामला है। 730 मीट्रिक टन वजन के साथ यह बॉक्स पूरे भारतीय रेल पर खींचे गए सबसे भारी बॉक्स में से एक था। इस अवसर पर इस कार्य को इतने कम समय में पूरा करने के लिए पूरी टीम के धैर्य, समर्पण और योगदान की सराहना की। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में गाये गए देशभक्ति के गीतों और नृत्यों ने सभी के दिलों को राष्ट्रीय एकता की भावना से ओतप्रोत कर दिया। मण्डल रेल प्रबंधक ने इस दौरान विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले 62 रेल कर्मचारियों को सर्टिफिकेट और मेडल देकर सम्मानित किया। 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन अहमदाबाद की अध्यक्षा श्रीमती संगीता शर्मा द्वारा विभिन्न प्रतियोगिता में विजेता 75 बच्चों को पुरस्कृत किया साथ ही पैरालिसीस एवं किडनी फेलियर जैसी गंभीर बिमारियों से ग्रसित 2 रेल कर्मियों के परिजनों को 30-30 हजार रु. की आर्थिक सहायता प्रदान की। साथ ही आज इस संगठन द्वारा अहमदाबाद मंडल के विभिन्न डिस्पेन्सरियों के लिए एवं गांधीधाम चिकित्सालय के लिए कुल 10 एक्वागार्ड डोनेट किए तथा संगठन द्वारा मंडल चिकित्सालय साबरमती के ऑपरेशन थेयटर के लिए एक 10 किलोग्राम की टोपलोडेड वॉशिंग मशीन भी डोनेट की।

▪ **क्रिकेट ग्राउंड साबरमती में आयोजित 76वां गणतंत्र दिवस**

# ठाणे में डिवाइडर से टकराया कंटेनर

**ठाणे।** 40 टन माल लेकर गुजरात जा रहे कंटेनर के ठाणे में जलजा होटल के सामने वाघबील ब्रिज के पास नियंत्रण खो दिया, हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। ठाणे आपदा प्रबंधन विभाग ने बताया कि कंटेनर को हटाकर रोड को यातायात के लिए साफ कर दिया गया है। कंटेनर चालक शिवनारायण रामचन्द्र बिश्नोई कंटेनर में 40 टन माल लेकर कंटेनर स्टेशन से बेलगाम कर्नाटक होते हुए गुजरात के मोरबी जा रहा था, इसी दौरान चालक विश्नोई ने नियंत्रण खो दिया और कंटेनर देवदर्शन सोसायटी के सामने वाघबील ब्रिज के पास डिवाइडर से टकरा गया, और सड़क पर पलट गया। हादसे में कंटेनर के इंजन से तेल टैंक लीक होने के कारण तेल सड़क पर फैल गया। मौके पर पहुंचे शहर यातायात पुलिस के अधिकारी व कर्मियों ने हाइड्रा मशीन व दो क्रेन मशीनों की मदद से सड़क किनारे खड़े कंटेनर को हटाया. इस बीच, आपदा प्रबंधन विभाग के कर्मचारियों ने सड़क पर फैले तेल पर मिट्टी डालकर ठाणे से घोड़बंदर तक सड़क पर यातायात जाम को तुरंत हटा दिया।



**हादसे में कोई घायल नहीं**

# एक से गांधीधाम एक्सप्रेस के समय में परिवर्तन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अहमदाबाद।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की मांग एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रेन संख्या 19406/19405 गांधीधाम-पालनपुर-गांधीधाम एक्सप्रेस के परिचालन समय में एक फरवरी 2025 से अगली सूचना तक अस्थायी तौर पर परिवर्तन करने का निर्णय लिया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है ।एक फरवरी 2025 से ट्रेन संख्या 19406 गांधीधाम-पालनपुर एक्सप्रेस गांधीधाम से 08.10 बजे के स्थान पर 05.35 बजे प्रस्थान करेगी तथा 14.50 बजे के स्थान पर 12.20 बजे पालनपुर पहुंचेगी। एक फरवरी 2025 से ट्रेन संख्या 19405 पालनपुर-गांधीधाम एक्सप्रेस पालनपुर से 15.40 बजे के स्थान पर 13.10 बजे प्रस्थान करेगी तथा 22.20 बजे के स्थान पर 19.50 बजे गांधीधाम पहुंचेगी।

**कटिहार पर ट्रैक रख-रखाव का कार्य एवं अन्य अनुषंगिक कार्य**

**ई-निविदा सूचना संख्या. KIR/Engg/06 of 2025 तारीखः 23-01-2025।** नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदा आमंलित किया गया हैं। **निविदा संख्या. 1। कार्य का संक्षिप्त विवरणः** एडीईएन/I/न्यू जलपाईगुड़ी अधिक्षेत्र के अधीन 2 सालों की एक अवधि हेतु ट्रैक रख-रखाव का कार्य एवं अन्य अनुषंगिक कार्य। **निविदा राशिः** ₹4,59,52,599.82/-। **धरोहर राशिः** ₹3,79,800/-। **निविदा संख्या. 2। कार्य का संक्षिप्त विवरणः** एडीईएन/किशनगंज अधिक्षेत्र के अधीन 2 सालों की एक अवधि हेतु ट्रैक रख-रखाव का कार्य एवं अन्य अनुषंगी कार्य। **निविदा राशिः** ₹4,51,95,936.23/-। **धरोहर राशिः** ₹3,76,000/-। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 17-02-2025 तारीख के 15.00 बजे में **एवं खुलेगीः** 17-02-2025 तारीख के 15.30 बजे में। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा प्र-पत्र के साथ संपूर्ण विवरण आगामी 17-02-2025 तारीख के 15.00 बजे तक www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

**डीआरएम (डब्ल्यू), कटिहार**

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**

मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में

**कम्पोजिट कार्य**

**ई-निविदा सूचना सं. केआईआर/जीएसयू/01, 2025; दिनांकः 23-01-2025।** अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **1। कार्य का संक्षिप्त विवरणः**-पूर्वोत्तर सीमा रेल के कटिहार मंडल के अंतर्गत कम्पोजिट कार्य (सिविल, इलेक्ट्रिकल, मेकेनिकल और सिगनल एवं टेलीकॉम) जिसमें शामिल हैं (ए) न्यू जलपाईगुड़ी में:- कोचिंग कॉम्पलेक्स/न्यू जलपाइगुड़ी में ऊर्जा कुशल वंदे भारत एक्सप्रेस के लिए रखरखाव बुनियाद ढांचे का उन्नयन/विकास। (बी) सिलीगुड़ी जं. में 250 नग जीई लोको (डब्ल्यूडीजी4जी/डब्ल्यूडीजी6जी)के होमिंग के लिए जीई लोको शेड के बुनियाद ढांचे का निर्माण। (सी)न्यू जलपाईगुड़ी में: अगली पीढ़ी की माल ढुलाई रखरखाव सुविधाए। निविदा मूल्यः ₹2,51,29,87,462.41; बिड सिक्यूरिटी:₹1,00,00,000.00। **ई-निविदाएं** 21-02-2025 को 15.00 बजे **बंद होंगी** और 21-02-2025 को 15.30 बजे **खुलेंगी।** उपरोक्त ई-निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर 21-02-2025 को 15.00 बजे तक उपलब्ध रहेंगी।

**उप मुख्य प्रोजेक्ट मैनेजर (गति शक्ति), कटिहार**

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## पश्चिम रेलवे अहमदाबाद मंडल

# तीन सतर्क रेलकर्मी सम्मानित




**अहमदाबाद।** पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मंडल पर मंडल रेल प्रबंधक सुधीर कुमार शर्मा ने मंडल के तीन रेल कर्मचारियों को सुरक्षित ट्रेन परिचालन में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए सम्मानित किया। इन रेल कर्मियों को ड्यूटी के दौरान उनकी सजगता एवं सतर्कता के कारण अप्रिय घटनाओं को रोकने में उनके योगदान के लिए प्रमाण-पत्र एवं मोमेंटों प्रदान कर सम्मानित किया। वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी उमेश प्रसाद ने बताया कि रामावतार कुमावत स्टेशन मास्टर-छारोड़ी, राकेश कुमार स्टेशन मास्टर - साणंद और अहमद शेख-पॉइंट्स मेन-विरोचन नगर को अप्रत्याशित घटनाओं जैसे कोच से चिंगारी निकलते हुए देखने पर तुरन्त उचित कार्यवाही करना, वैगन से धुआँ निकलते हुए देखना तथा हैंड ब्रेक रॉड लटकती हुई देखने पर तुरन्त उचित कार्यवाही करना जैसी संभावित क्षति से बचाया है। मंडल रेल प्रबंधक सुधीर कुमार शर्मा ने इन सजग सरंक्षा रेल प्रहरी की हौसला अफजाई की और कहा कि यात्रियों की सरंक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है एवं जब रेलकर्मी अपनी ड्यूटी के दौरान सजगता और सतर्कता से काम करते हैं तो हमें सेफ ट्रेन वर्किंग में मदद मिलती है। हमें इन रेल कर्मियों पर गर्व है।

# सामाजिक कार्यों को सुरेश जैन सम्मानित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** तमाम सामाजिक संस्थाओं में पदाधिकारी, सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहने वाले लॉयन सुरेश जैन को गणतंत्र दिवस के मौके पर उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। जानकारी के अनुसार, लॉयन सुरेश जैन को गणतंत्र दिवस के अवसर रविवार को वी.पी. रोड पुलिस स्टेशन द्वारा समाज के प्रति उनकी सेवा और गणेशोत्सव सहित अन्य त्योहारों के दौरान उनके योगदान के लिए स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। सुरेश जैन लॉयन को वीपी रोड के वरिष्ठ पुलिस इंस्पेक्टर जगदीश कुलकर्णी ने तमाम पुलिसकर्मियों की उपस्थिति में स्मृति चिन्ह प्रदान किया। हर तरह के सामाजिक कार्यों में सुरेश जैन लॉयन हमेशा अग्रणी रहते हैं।

## वानगांव और दहानू रोड के बीच ब्लॉक

# पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें होंगी प्रभावित

**मुंबई।** मुंबई सेंट्रल मंडल के वानगांव और दहानू रोड स्टेशनों के बीच रोड ओवर ब्रिज के निर्माण हेतु कंपोजिट गर्डर लॉन्च करने के लिए मंगलवार, 28 जनवरी, 2025 को ब्लॉक लिया जाएगा। यह ब्लॉक 28 जनवरी, 2025 को अप एवं डाउन मेन लाइन पर 10.30 बजे से 11.45 बजे तक एक घंटा पंद्रह मिनट का लिया जाएगा, जिसके कारण पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें प्रभावित होंगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, 28 जनवरी को प्रभावित होने वाली ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है:-

**28 को शॉर्ट टर्मिनेट / निरस्त होने वाली ट्रेनें**

1. ट्रेन संख्या 93013 विरार-दहानू रोड पैसेंजर वानगांव में शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा इसलिए ट्रेन संख्या 93013 एवं 93014 वानगांव और दहानू रोड के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। **2.** ट्रेन संख्या 93015 चर्चगेट-दहानू रोड पैसेंजर बोईसर में शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा इसलिए ट्रेन संख्या 93015 एवं 93016 बोईसर और दहानू रोड के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

**28 को रेगुलेट होने वाली ट्रेनें**

**1.** ट्रेन संख्या 20483 भगत की कोठी-दादर सुपरफास्ट एक्सप्रेस 45 मिनट रेगुलेट होगी। **2.** ट्रेन संख्या 12980 जयपुर-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस 45 मिनट रेगुलेट होगी। **3.** ट्रेन संख्या 12932 अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल डबल डेकर एक्सप्रेस 30 मिनट रेगुलेट होगी।

**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, भोपाल**

साकेत नगर, भोपाल (म.प्र.) - 462020 (भारत)

एनआईटी क्र. AIIMSBHOPAL-TENDER/NIT/25-26/016 दिनांक : 27/01/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना (NIT)**

एम्स, भोपाल द्वारा पंजीकृत निर्माताओं/डीलरों/वितरकों/ठेकेदारों से निम्नलिखित सामग्री हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| ई–टेंडर आई डी नं. | एम्स भोपाल में अपेक्षित सामग्री/सेवाएँ | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 10/NIT/CIVIL/ABEU/AIIMS/BPL/2024-25 | एम्स,भोपाल में फैब्रिकेशन सप्लाई तथा लॉन एरिया के चारों ओर लेजर सीएनसी कटिंग द्वारा मेटल डेकोरेटिव फेंसिंग की फिक्सिंग | विवरण नहीं दिया गया है |
| 11/NIT/CIVIL/ABEU/AIIMS/BPL/2024-25 | एम्स भोपाल के जिमनेजियम बिल्डिंग में ट्रांजिट छात्रावास के लिए सीढ़ी का निर्माण | विवरण नहीं दिया गया है |
| 15/NIT/SE/Project Cell/AIIMS/BPL/2024-25 | एम्स, भोपाल में स्थापित विभिन्न क्षमता के डीजी सेटों का संचालन और सीएएमसी | विवरण नहीं दिया गया है |

उपर्युक्त ई–निविदाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाता कृपया ई–मेल :- www.aiimsbhopal.edu.in एवं seoffice@aiimsbhopal.edu.in, spso@aiimsbhopal.edu.in पर का अवलोकन करें। निविदाएं, ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल www.aiimsbhopal.edu.in एवं सीपीपी पोर्टल : www.eprocure.gov.in से डाउनलोड की जा सकती हैं । इस निविदा सूचना से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्र/संशोधन केवल उक्त वेबसाइटों पर प्रकाशित किए जाएंगे ।

**अधीक्षक अभियंता**

**CHANGE OF NAME**

I HAVE CHANGED MY OLD NAME MANOJSING SHIVRAMSING KUSHWAHA TO NEW NAME **MANOJ SINGH KUSHWAH** AS PER GAZETTE NO (M-24284442)

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: एम-41-एमएल-आईएनएसटी-एचटीई-51, दिनांक: 24.01.2025;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नामः** हटिया कोचिंग डिपो में प्रति पाली 1 टन क्षमता की यांत्रिक लॉन्ड्री मशीनों की आपूर्ति, स्थापना एवं चालू करना। **कार्य की अनुमानित लागत** (जीएसटी सहित): रु. 1,68,10,277.64; **बयाना राशिः** रु. 2,34,100; **ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 14.02.2025 को अपराह्न 03.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण एवं ब्योरा:www.ireps.gov.in.** (PR-1059)

## माहिम-बांद्रा स्टेशनों के बीच पुल संख्या 20

# पुनर्निर्माण का पहला चरण सफल

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा माहिम और बांद्रा स्टेशनों के बीच पुल संख्या 20 के साउथ एबटमेंट के पुनर्निर्माण के लिए 24/25 एवं 25/26 जनवरी की मध्यरात्रि को मेजर ब्लॉक लिए गए। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, लगातार दो रातों में लिए गए नौ घंटे 30 मिनट के मेजर ब्लॉकों से माहिम और बांद्रा स्टेशनों के बीच मीठी नदी पर बना पुल संख्या 20 के साउथ एबटमेंट के पुनर्निर्माण के पहले चरण का काम पूरा हो गया है।

### यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि : पश्चिम रेलवे

यात्रियों की सुरक्षा और रेलवे ढांचे की मजबूती को ध्यान में रखते हुए यह बड़ा कार्य किया गया। ब्लॉक को पुरानी तकनीक से बने एबटमेंट के पुनर्निर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में लिया गया था, जो समय के साथ कमजोर हो गया था। आधुनिक तकनीक और उन्नत संरचनात्मक डिजाइन का उपयोग करके इसका पुनर्निर्माण किया गया है।

### भविष्य की जरूरतों को पूरा करने में पुल सक्षम

पुल अब मजबूत है और रेलवे की भविष्य की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम है। अनुपयोगी एबटमेंट को हटाने, एबटमेंट को फिर से बनाने और उचित गर्डरों पर पटरियां बिछाने का समान रूप से चुनौतीपूर्ण दूसरा चरण मई, 2025 के महीने में पूरा होने वाला है। यात्रियों के लिए बेहतर और निरंतर सुरक्षित ट्रेन यात्रा का अनुभव प्रदान करने में इस कार्य की सफलता एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।



### ब्लॉक अवधि में की 2.5 मीटर की खुदाई

ब्लॉक अवधि के दौरान रेलवे पटरियों के नीचे लगभग 2.5 मीटर खुदाई की गई। यह काम ट्रकों और अन्य मशीनों के ज़रिए किया गया, क्योंकि साइट पर सीधे कोई पहुँच नहीं है। इस काम को कई आधुनिक मशीनों की मदद से अंजाम दिया गया, जैसे 700 टन क्षमता वाली क्रेन, एक्सकेवेटर, डम्पर ट्रक, हाइड्रा लिफ्ट, टैम्पिंग मशीन आदि। इसके अलावा, दो लोकोमोटिव और लगभग 100 समर्पित कर्मचारियों की एक टीम ने इसके लिए दिन-रात काम किया। सीमित जगह में इतने बड़े पैमाने पर काम करना आसान नहीं था।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता




**गुड़ामालानी।** 76 वा गणतंत्र दिवस समारोह गुड़ामालानी उपखंड मुख्यालय सहित आसपास क्षेत्र के सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों मे बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालयों मे देशभक्ति से परिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। उपखंड स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह गुड़ामालानी के राजकीय विधालय परिसर मे आयोजित हुआ वही गुड़ामालानी उपखंड अधिकारी केशव कुमार मीणा ने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले 30 जनों को सम्मानित किया गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय देशान्तरी नाडी मे 76 वा गणतंत्र दिवस समारोह बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। विधालय के प्रधानाचार्य एल आर गर्ग, भीमाराम गोयल, वीरधाराम देवासी, भारताराम मांजू ने ध्वजारोहण किया। वही एल आर गर्ग ने परेड की सलामी ली। गणतंत्र दिवस के गरिमामय आयोजन में स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा सुंदर मनमोहक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं व्यायाम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम मे पहुंचे भामाशाहो का विधालय परिवार की और से साफा माला पहनाकर व प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम व परेड पीटी मे भाग लेने वाले बच्चों को इनाम वितरित किया गया वही मिष्ठान के रूप मे सभी को हलवा खिलाया गया। वही इस कार्यक्रम मे मंच को सम्बोधित करते हुए घमंडीराम फौजी ने कहा की हमें बहुत खुशी हो रही है की आज हमारी स्कुल सीनियर है इससे यहां की बालिकाओं को शिक्षा के लिए दूर नहीं जाना पड़े और अपने ही गांव और घर के पास मे सीनियर तक की शिक्षा मिल रही है इससे बड़ी और क्या खुशी हो सकती है साथ ही गणतंत्र दिवस के बारे भी विस्तार से जानकारी दी। वही प्रधानाचार्य एल आर गर्ग ने विधालय विकास को लेकर भामाशाहो को आगे आने की बात कही साथ ही छात्र छात्राओं को अच्छी शिक्षा ग्रहण करने व विधालय का नाम रोशन करने की बात कही। इस दौरान वासुराम पंवार, घमंडीराम मांजू, दुर्गाराम देवासी, उमर खान सहित विधालय स्टाप, गांव के ग्रामीण, महिलाए व छात्र छात्राए उपस्थित रहे।

## भामाशाह ने वितरित किए छात्रों को बैग व सामान

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** रानीवाड़ा के राजकीय उच्च प्राथमिक विधालय कोटड़ा में भामाशाह अरविन्द गिरी पुत्र आंसू गिरी, विक्रम गिरी पुत्र सरदार गिरी, कल्पेश गिरी पुत्र प्रताप गिरी द्वारा राजकीय विधालय के कक्षा 1 से लेकर आठवीं तक के बच्चो को शूज,टाई बेल्ट,जोमेट्री बॉक्स, बुक, स्कूल बेग वितरित किये और मिष्ठान के भामाशाह आलाराम चोधरी एंव अर्जुन गिरी पुत्र संतोष गिरी ने स्कूल में प्रिंटर देने की घोषणा की। ईस मोके पर सरपंच छतरसिंह पुरण, हैड मास्टर ओम प्रकास विश्नोई, सुनील कुमार, जगदीश,देवेंद्रकुमार, अजयकुमार,ओखीदेवी,रमिला मीणा,लीला गुर्जर और वार्ड पंच निर्मल कुमार चोधरी उपस्थित रहे।



# रानीवाड़ा में अवैध मेलों से व्यापारियों में आक्रोश

■ सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण से बाधित होता यातायात, एसडीएम को सौंपा स्थानीय व्यापारियों ने ज्ञापन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**रानीवाड़ा।** रानीवाड़ा शहर में बढ़ते व्यापार मेलों और अस्थाई दुकानों के विरोध में स्थानीय व्यापारियों ने सोमवार को उपखंड अधिकारी सुनिलकुमार एव नगरपालिका ईओ को ज्ञापन सौंपा है। कार्यवाही कर मेला पर रोक लगाने की मांग की है। बता दे कि रानीवाडा में रेडिमेड वस्त्र, मणियारी व फूट वेयर का बहुत बड़ा बाजार है, जिसमें रानीवाड़ा उपखण्ड व जसवन्तपुरा उपखण्ड के क्षेत्रवासी आवश्यक वस्तुओं की खरीद हेतु रानीवाडा के व्यापारियों में विश्वास होने से वरियता से आते है, लेकिन गत कुछ वर्षों से नगरपालिका मण्डल रानीवाडा व प्रशासन द्वारा व्यापार मेलों के नाम पर व्यापार मेलों, अस्थाई बाजार व दुकानों की अनुमति दी जा रही है. जो विधि विरूद्ध है, क्योंकि इन व्यापार मेलों व अस्थाई बाजारों की अनुमति सार्वजनिक स्थानों, सड़कों पर, खेल मैदानों, नाड़ी में दी जा रही है। व्यापार संघ के अध्यक्ष छैलसिंह सोलंकी ने बताया कि उक्त अस्थाई व्यापार मेलें व अस्थाई दुकानें लगने से शहर की पूरी यातायात व्यवस्था बाधित होती है तथा यह मेलें वाले तथा अस्थाई दुकानों वाले शहर में मेला या दुकान का काम समाप्त होने के बाद बहुत सारा कचरा मौके पर छोड़कर जाते है तथा अस्थाई दुकानों के नाम पर जो टेन्ट व तम्बू लगाते है, उस जगह की सार्वजनिक सड़कों व सार्वजनिक उपयोग की जमीन को खुदाई कर अनुपयोगी बना देते है। व्यापारी रमेशकुमार ने बताया कि अस्थाई मेलों व दुकानों वाले लोग बिना पहचान के रहने के कारण कई अवैध गतिविधियों की पूरी संभावना रहती है, जिनके कारण शहर में आपराधिक गतिविधियां लूट व चोरियों के अपराध भी बढ़ रहे है। यह लोग व्यापार मेलों के नाम घरेलू उद्योग, हस्तशिल्प उद्योग के काम को बढ़ावा देने के नाम पर अस्थाई अनुमति लेते है और उस व्यापार मेलों व दुकानों में घटिया सामग्री घरेलू उद्योग व हस्तशिल्प के नाम बेचान कर आमजन के साथ धोखाधड़ी कर रहे है, क्योंकि इन दुकानों के न तो पहचान का कोई बोर्ड होता है न ही कोई सम्पर्क नम्बर होते है। सभी दुकानें बिना पहचान के लगाते है तथा इन दुकानों में भारी मात्रा में क्रय, विक्रय के माल में कोई जीएसटी, सरकारी राशि, सेल टेक्स अदा नहीं किया जाता है तथा करोड़ों का सामान स्टॉक में रखते है, जिसका इनके पास कोई रिकॉर्ड नहीं होता है, जिससे यह पूरी संभावना होती है कि अस्थाई व्यापार मेलें व दुकान वालों के पासश् सामान चोरी व लूट का हो सकता है, उसके कारण खरीद करने वाला व्यक्ति भी आपराधिक कार्यवाही का शिकार होता है।

व्यापार मेला लगाने वालों का कोई भौतिक सत्यापन या आपराधिक रिकॉर्ड का सत्यापन नहीं होता है। उक्त अवैध व्यापार मेलों व अस्थाई व्यापार मेलों में बिकने वाली घटिया सामग्री, अवधिपार सामग्री के कारण रानीवाडा बाजार की साख प्रभावित हो रही।

# सुंदरकांड पाठ का आयोजन



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** सुंदरकांड मंडल रानीवाड़ा द्वारा रामचरितमानस सुंदरकांड के संगीतमय पाठ का आयोजन शनिवार को रानीवाड़ा निवासी जोर सिंह सोलंकी के कृषि फार्म हाउस पर किया गया। कार्यक्रम में सुंदरकांड मंडल के सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। बताते चले कि विश्व कल्याण की भावना से सुंदरकांड मंडल रानीवाड़ा द्वारा 1986 से मुख्य वक्ता ताराचंद भारद्वाज के सानिध्य में रानीवाड़ा सहित आस-पास के गांवों एवं कस्बों में प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को सुंदरकांड के संगीतमय पाठ का आयोजन निशुल्क किया जाता है। इस दौरान पाठ वाचक उमराव सिंह जोधा ने बताया कि कलयुग में भगवान का नाम लेने से मनुष्य भवसागर पार हो सकता है। वहीं रघुवीर सिंह सोलंकी ने कहा कि प्रभु नाम के स्मरण मात्र से ही समस्त पाप कट जाते हैं। नंदकिशोर जोशी ने बताया कि सुंदरकांड बजरंगबली की आराधना है इसके पाठ करने से बजरंगबली प्रसन्न होते हैं।

इस अवसर पर आसु सिंह,रमेश महेश्वरी,गणपत सिंह,जबर सिंह,कैलाश महेश्वरी,लक्ष्मण सिंह देवातडा,दीपक माहेश्वरी,बंसीलाल जोशी, उदाराम,राम सिंह,सरदार सिंह,गटाराम,भारथाराम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

# सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर परिषद सांचौर आयुक्त त्रिकम दान चारण के निर्देशानुसार सोमवार को नगर परिषद टीम के द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त की। सफाई निरीक्षक विजय पुरोहित के नेतृत्व में 26 किलो पॉलिथीन जब्त की गई,। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन अभियंना कृष्ण देवासी, जमादार उत्तम सिंह जमादार चौथाराम ,राजू, पुखराज आदि उपस्थित रहे।




# जिला अस्पताल निर्माण में अनियमितता का आरोप

▶▶ ग्रामीणों ने ज्ञापन देकर की कार्रवाई की मांग

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर ।** क्षेत्र के धमाणा में निर्माणाधीन जिला अस्पताल के निर्माण में लगातार हो रही अनियमितता के मामले में की उच्च स्तरीय जांच करवाकर कार्यवाही की मांग की है। जिसको लेकर ग्रामीणो ने जिला कलेक्टर सहित उच्चअधिकारियो को ज्ञापन भेजा है। ग्रामीणो ने ज्ञापन में ज्ञापन में आरेप लगाया कि सांचौर जिला अस्पताल की बिल्डिंग का निर्माण कार्य घटिया करने की शिकायत सबूती के साथ तीन बार जिला स्तरीय जनसुनवाई में दर्ज करवाने के बावजूद भी संबंधित विभाग ठेकेदार के साथ मिली भगत होने की वजह से सुधार नहीं करवा कर उस घटिया कार्य पर बिल्डिंग का निर्माण करवाया जा रहा है, डीपीसी से नीचे का संपूर्ण कार्य घटिया गुणवता का होने के चलते लीपापोती उजागर नहीं हो उस पर ठेकेदार द्वारा जल्दबाजी में पिलर खड़े करके छत का निर्माण किया जा रहा है। ज्ञापन में बताया कि एनएचएम विभाग के अधिसाक्षी अभियंता व सहायक अभियंता को जिला कलेक्टर का लिखित आदेश जारी करने के बावजूद भी आदेश का पालन नहीं हो रहा है। विभाग के तकनिकी अधिकारियो की जानकारी में मामला होने के बावजूद घटिया निर्माण कार्य पर होने वाले निर्माण को नहीं रुकवा कर फर्जी तरीके से भुगतान करने की फिराक में है, जिस पर उच्च अधिकारियों से कमेटी बनाकर जांच करवाने का आदेश करवाने की मांग की गई है।

ज्ञापन में बताया कि उक्त अनियमितता के मामले की लिखित सूचना तीन महीने से लगातार अवगत करवाने के बावजूद ठेकेदार और अधिकारी जानबूझकर पटिया निर्माण कार्य करवा रहे है, उन्होने ज्ञापन में बताया कि 35 करोड़ की लागत से बनने वाले अस्पताल का भवन नियम विरू। बनने से कभी भी हादसे का कारण भी बन सकता है, ऐसे में सरकार के राजकोष जमकर दुरूपयोग किया गया जा रहा है। उन्होने उक्त मामले में उच्च स्तरीय जांच करवाने की मांग की है।

# सांगाणा पंचायत : गणतंत्र दिवस समारोह

▶▶ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में झलका देशभक्ति का जज्बा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जीवाणा।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सांगाणा पंचायत स्तरीय पर 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही फिजां में चारों तरफ देशभक्ति गीतों की धुन से पूरा वातावरण देशभक्तिमय बन गया। सर्दी के बावजूद विद्यार्थियों में काफी जोश व उत्साह देखा गया। स्थानीय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांगाणा के खेल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा झंडारोहण कर परेड की सलामी ली गयी। उसके बाद मार्स पास्ट के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ईनयती बानु, अध्यक्षता स्थानीय पीईईओ गजें सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बलवंत सिंह, उत्तम सिंह, हाजी लतिब खाँ आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्कूली छात्र- छात्राओं के साथ ग्रामीणों में भी काफी उत्साह नजर आया। परेड के बाद स्थानीय शारीरिक शिक्षक के निर्देशन में सभी विद्यालयों के नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा शारीरिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। पंचायत स्तरीय कार्यक्रम में स्थानीय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सहित पंचायत के केरली नाडी, हयात खाँ की ढाणी, अकबर खाँ की ढाणी, राणी भटियाणी, शेखावटी, मदरसा फैजेगौसिया, मदरसा फैजेमुजाहीदिया, विद्यालयों ने भाग लिया। जिसमें बालक-बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर हुई। उसके बाद मंचासीन अथितियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात मार्स-पास्ट द्वारा तिरंगे की सलामी ली गयी। उसके बाद शुरू हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग ले रहे नगर के विद्यालयों के नन्ने-मुन्ने बालक-बालिकाओं द्वारा एक से बढ़कर एक शानदार कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ दी गयी। वहीं शानदार प्रदर्शन पर नगर के भामाशाहों द्वारा विद्यार्थियों को इनाम स्वरूप राशि भेंट कर विद्यार्थियों का हौसला अफजाई किया गया। इस दौरान स्थानीय विद्यालय के स्टाफ पंकज पण्डिया, गुलाम खाँ, आकूब खाँ, राजाराम, शिव चरण मीना, नवीन मैडम, आसुराम, भगवान सिंह, गणपतसिंह, गगन चौधरी, अम्बाराम, जेताराम, जेमाराम, राणाराम सहित पंचायत के सभी विद्यालयों के कर्मचारी, विद्यार्थी व ग्रामीण मौजूद रहें। मंच संचालन गुमनाराम और विक्रम सिंह ने किया।

# नानजी राम बने सैनी महासभा के जिलाध्यक्ष



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के जिलाध्यक्ष पद पर नानजीराम गहलोत को मनोनित किया गया है, प्रदेश महामत्री भवानीशंकर माली ने नियुक्ति पत्र जारी कर बताया कि समाज व संगठन के प्रति कर्त्यव्यनिष्ठा व सक्रियता की बदौलत यह नियुक्ति की गई है, समाज के हित के लिये जल्द की कार्यकारिणी गठित करने के निर्देश दियें गये है। गहलोत की नियुक्ति से माली सैनी समाज के युवाओ ने खुशी जताई है।

# गणतंत्र दिवस पर रंगारंग कार्यकम्र का आयोजन



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** गणतंत्र दिवस मुख्य उपखंड स्तरीय कार्यक्रम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में किया गया, इस दौरान उपखंड अधिकारी प्रमोद कुमार चौधरी ने परेड की सलामी लेकर ध्वाजारोहण किया, वहीं कार्यकम में भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिह राव, नगर परिषद सभापति नरेश सेठ, प्रधानाचार्य लाडूराम बिश्नोई ने बतौर अतिथि रहे, इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपखंड अधिकारी प्रमोद कुमार चौधरी ने कहा कि सरकार जन कल्याण के लिये कई कल्याणकारी योजनाऐं चला रही है , जिसका उददेश्य अधिक से अधिक लोगो को लाभान्वित कर उसका लाभ देना है, सरकार ने पिछले एक साल में विकास के लिये कई अलग- अलग क्षेत्रो में उल्लेखनीय कार्य किया है, जिससे विकास की गति लगातार आगे बढ रही है, समाज कल्याण, कृषि, रोजगार को लेकर बड़े स्तर पर अभियान चलाकर अमलीजामा पहनाया जा रहा है। इस दौरान अलग-अलग क्षेत्रो में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगो को प्रिश्स्त पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार शहर के गायत्री मंदिर में नारायणलाल सुथार व राजूराम बिश्नोई, भगवान महावीर कॉलेज में जोगसिंह पंवार, विवेक विद्या मंदिर में बीरबल बिश्नोई, ग्लोबल कॉलेज डेडवा में सुरेन्द्र बिश्नोई, ऑक्स्पोर्ड में भागीरथ बिश्नोई, आलोक बाल सदन में सुखराम खोखर, हरिओम स्कूल में राजेन्द्र पुरोहित, महेश विद्या मंदिर में सुरेश माहेश्वरी, बालिका उच्च माध्यमिक में रामेश्वरी बिश्नोई ने ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस मनाया गया ।

# नागोलड़ी सरहद में दिखा पैंथर ग्रामीणों में दहशत का माहौल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** क्षेत्र में पिछले तीन - चार दिनो से पैंथर के छिपे होने से ग्रामीणो में खौंफ का माहौल है, जिसको लेकर वन विभाग व प्रशासन की टीम भी रेस्क्यू करने में जुटी है, किन्तु पैंथर खेतो में खड़ी रायड़े फसल में छुप जाने से वन विभाग की टीम की पकड़ में नही आ रहा है, सोमवार को ग्रामीणो की सूचना पर नागोलड़ी सरहद में रायड़े के खेत में खड़ी फसल में पैंथर के छुपे की सूचना वन विभाग को देने पर विभाग की टीम मौका स्थल पर पहुंची इस दौरान विभाग की टीम ने रायड़े खड़ी फसल में कैंपर गाड़ी घुसाकर पैंथर की तलाश की, इस दौरान वन विभाग की टीम को देखकर पैंथर भाग गया, हालांकि वन विभाग द्वारा ट्रेक्यूलाईजर करने का प्रयास किया गया, किन्तु निशाना नहीं लगने से पैंथर



आस-पास के खेतो में छुप गया, ऐसे में विभाग के अधिकारी पैंथर की तलाश में लगातार जुटे हुए है। समाचार लिखे जाने तक पैंथर नागोलड़ी से किलुपिया सरहद में खड़ी अरंडी की फसल में छिप गया । ऐसे मे ग्रामीण भी रात्रि को खौंफ के छाये में जीने को मजबूर हो रहे है।

पैंथर को पकड़ने के लिये विभाग की ओर से जोधपुर से स्पेशनल टीम को भी मौका स्थल पर बुलाया गया है, किन्तु सफलता नहीं मिली।

अब विभाग का कहना है कि पैंथर नागोलड़ी व हाड़ेतर सरहद के बीच में छुपा है जिसको लेकर विभाग की टीमें लगातार कार्य कर रही है, जिसमें रानीवाड़ा रैंजर की टीम भी शामिल है।

**इनका कहना है**

■ वन विभाग की जोधपुर से स्पेशल टीम पैंथर को रैसक्यू करने के लिये बुलाई है, खेतो में खड़ीफसल में छुप जाने से समस्या आ रही है, टीम जल्द ही पैंथर का रैस्क्यू कर लेगी , फिल्हाल पैंथर नागोलड़ी व हाड़ेतर के बीच अंरडी के खेत मं छुपा है। फिल्हाल किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है।

**दिनेश बिश्नोई,**
**वनपाल सांचौर**

# मुडतरा सिली में 76वां गणतंत्र दिवस समारोह



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुडतरा सिली।** मुडतरा सिली में 76 वें गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय की नन्ही मुन्नी बालिकाओं ने विद्यालय के प्रवेश द्वार पर स्वागत किया ।मंच पर संस्थाप्रधान द्वारा भामाशाहों,सरपंच ,एवम अन्य अतिथियों का स्वागत एव अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि एवम सरपंच ओमकार दास वैष्णव द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को फहराया गया ।विद्यालय स्काउट बिग्रेड, चारों सदन ब्लू, ग्रीन, रेड एवं येलों के हाउस केप्टनों ने स्कूल बेंड के साथ मार्च पास्ट करते मुख्य अतिथि को सलामी दी। विद्यार्थियो द्वारा प्रेड प्रदर्शन,व्यायाम प्रदर्शन,सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय विकास में सहयोग हेतु बढ़- चढ़ कर भाग लेने हेतु प्रेरित किया गया। प्रधानाचार्य कैलाश कुमार पुरोहित द्वारा पधारे हुए सभी ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया गया। वहीं भामाशाह प्रकाश कुमार/ हिमताजी राज पुरोहित द्वारा मुडतरा सिली सभी निजी व सरकारी स्कूलों ग्रामवासियों की भोजन प्रसादी ग्रहण करवाई गई व स्वागत भाषण में भारत माता की जय के साथ बच्चों का हौसला बढ़ाया।इस अवसर पर मंच का संचालन बाबूलाल बौसीर किया इस दौरान विधालय के स्टाफ गण एवं रामसीन पुलिस कांस्टेबल मफतलाल समस्त ग्रामवासी मौजूद थे।

सीसी सड़क का निर्माण कार्य शुरु

# क्षेत्र के विकास कार्य में कोई कमी आने नहीं दी जाएगी : देवल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जसवंतपुरा।** कस्बे के मुख्य बस स्टैंड से लेकर कलापुरा तिराहे तक पिछले लंबे समय से बदहाल पड़ी सड़क मार्ग का अब पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल के सार्थक प्रयास से नई सीसी रोड का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। जिससे दुकानदारों व वाहन चालको को काफी राहत मिलेगी। पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल का स्थानीय व्यापारियों ने पंचायत समिति कार्यालय परिसर में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान देवल ने मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास कार्य में कोई कमी आने नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में सरकार गठन के बाद पूरे प्रदेश में विकास कार्य तेजी से कर एक वर्ष में ही भजनलाल सरकार ने विकास के कई आयाम स्थापित किए हैं। इसी कड़ी में रानीवाड़ा विधानसभा के जसवंतपुरा से गजापुरा, जसवंतपुरा से कलापुरा, कलापुरा से विकणवास तक संपर्क सड़क जो पिछले कई वर्षों से जर्जर पड़ी हुई थी। जिसका निर्माण कर आमजन को राहत पहुंचाई। क्षेत्र में आमजन की समस्याएं को लेकर मैं हमेशा राज्य सरकार को अवगत करवाता रहूंगा और पुरजोर कोशिश कर इन समस्याओं का निदान करवाने का प्रयास करता रहूंगा। इस दौरान समाजसेवी धर्मेन्द्र धवल व मुकेश प्रजापत ने देवल का साफा व माल्यार्पण कर स्वागत सत्कार किया गया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी रामलाल मीणा, विकास अधिकारी पृथ्वी सिंह, समाज सेवी मोडाराम प्रजापत, जसवंत भाई प्रजापत, तिलोकचंद सुथार, जितेन्द्र अग्रवाल, प्रकाश पुरोहित, भगवान सिंह चेकला, यासीन मोहम्मद, रामसिंह धरुपड़ा, गजेन्द्र सिंह जाविया, अनिल राठी, ईश्वर सैन, महेन्द्र प्रजापत, कुलदीप सिंह, रमेश माहेश्वरी गोलाणा, विष्णु जीनगर, जालम सिंह उच्चमत, नरेश वैष्णव, रामसिंह सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण मौजूद रहे।

# जसवंतपुरा : गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जसवंतपुरा।** उपखंड स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह स्थानीय पीएम श्री विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित हुआ। समारोह में उपखंड अधिकारी रामलाल मीणा ने ध्वजारोहण किया।





इसके बाद मुख्य अतिथि एसडीएम मीणा ने मार्च-पास्ट का निरीक्षण कर सलामी दी। समारोह को रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी, पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल ने संबोधित किया। समारोह में सराहनीय कार्य करने पर उपखंड प्रशासन की ओर से 36 जनों को सम्मानित किया गया। मंच संचालक व्याख्याता दिनेश विश्नोई ने किया। कार्यक्रम में प्रधान विमला चौहान, सरपंच चम्पा देवी प्रजापत, विकास अधिकारी पृथ्वी सिंह, सीबीईओ त्रिकमाराम देवासी, थाना प्रभारी गुमानसिंह भाटी, प्राचार्य विक्रम सिंह चारण, बीसीएमओ डॉ प्रशांत सैन, महात्मा गांधी विद्यालय के प्राचार्य छैल सिंह देवल, कुलदीप सिंह चारण, समाज सेवी परखाराम चौहान, तिलोकचंद सुथार, बाबू भाई पुरोहित, मोडाराम प्रजापत, फूलचंद खंडेलवाल, भाजपा नेता भगवान सिंह चेकला, पुष्कर पुरोहित, राम सिंह धरूपडा, गोविंद मेघवाल, जोराराम देवासी आंबतरी आदि मंचासीन मौजूद थे। समारोह में सरकारी व निजी स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। बच्चों ने प्रस्तुतियों से देशभक्ति का संदेश दिया। छात्र छात्राओं ने एकल गीत, सामूहिक नृत्य, नुक्कड़ नाटक व देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए।

# शीघ्र शुरू होगा जालोर मेडिकल कॉलेज का निर्माण : जोगेश्वर गर्ग

**जालोर।** राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने बताया कि राजस्थान राज्य सड़क विकास एवं निर्माण निगम लिमिटेड (आरएसआरडीसी) द्वारा निर्धारित समयावधि में संबंधित फर्म के ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरतते हुए जालोर मेडिकल कॉलेज का कार्य पूर्ण नहीं करने पर उनके कार्यादेश को निरस्त किया गया है। आरएसआरडीसी द्वारा शीघ्र नवीन कार्यादेश जारी कर जालोर मेडिकल कॉलेज के प्रशासनिक भवन के निर्माण के लिए कार्य प्रारंभ करवाया जायेगा जिससे जिलेवासियों को मेडिकल कॉलेज की सौगात जल्द मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि आरएसआरडीसी द्वारा पूर्व में जारी किए गए कार्यादेश के तहत संबंधित कंस्ट्रक्शन फर्म द्वारा 23 अक्टूबर, 2023 को कार्य प्रारंभ कर 22 जनवरी, 2025 तक कार्य पूर्ण किया जाना था किन्तु कार्य प्रारंभ नहीं किए।

पश्चिम रेलवे

एरियल वायर्स का प्रतिस्थापन

वरि. डीईई/पी/मुंबई सेंट्रल, मुंबई द्वारा ई-निविदा क्र. ईएल-81-893-डब्ल्यूए-62 दि. 21.01.2025 आमंत्रित है। **कार्य तथा स्थान: बांद्रा से गोरेगांव खंड:** एरियल वायर्स का प्रतिस्थापन। **कार्य की अनु. लागत:** रु. 57,61,40/-, **बोली प्रतिभूति ईएमडी:** रु. 1,15,200/-, **जमा करने की दिनांक तथा समय:** 21.02.2025 को 15.00 बजे तक। **खुलने की दिनांक तथा समय:** 21.02.2025 को 15.30 बजे। आगामी जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें। 1005

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

सीवरेज ऑपरेशन विभाग

नं. डीवाय. सीएच. इंजी. (एसओ)/4898/ईएस दि. 27.01.2025

ई-अधिप्राप्ति निविदा सूचना

महापालिका आयुक्त, बृहन्मुंबई द्वारा निम्नांकित ऑनलाइन निविदा आमंत्रित है। निविदा की प्रतिलिपी एम.सी.जी.एम. के पोर्टल (http://www.mcgm.gov.in) के निविदा सेक्शन अंतर्गत डाउनलोड कर सकते है।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | ईएमडी रु. | बोली प्रारंभ की दिनांक व समय | बोली समापन की दिनांक व समय | निविदा शुल्क (रु.) | पूर्णता अवधि/ संविदा अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नए घाटकोपर पंपिंग स्टेशन पर 6.6 केवी एचटी पैनल की ओवरहॉलिंग एवं सहायक कार्य। (निविदा आईडी: 2025-एमसीजीएम-1142388-1) | रु. 16000/- | 28.01.2025 को 11.00 बजे से | 06.02.2025 को 16.00 बजे तक | रु. 3,894/- (रु. 18% जीएसटी) | 30 दिन |

संपर्क व्यक्ति का नाम एवं फोन नं. (कार्यालय) तथा मोबाइल नं. (उपलब्ध हो तो) श्री एस.एस. वालुंजा, ई.ई. मैक. (एस.) ई.एस. श्री यू.एस. डोके, ए.ई. मैक. (एस.) ई.एस. फोन नं. 25251347

ई-मेल आईडी eemechses.so@mcgm.gov.in

PRO/2355/ADV/2024-25

बुखार? सही एवं संपूर्ण इलाज हेतु तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

कार्यकारी अभियंता मैक. (सीवरेज) पूर्व उपनगर

# महापारेषण : 76वां गणतंत्र दिवस मनाया



महापारेषण के मुख्यालय प्रकाशगंगा में ध्वजवंदन के दौरान सलामी देते हुए महापारेषण के निदेशक (संचालन) सतीश चव्हाण। **दूसरे चित्र में** उपस्थित वरिष्ठ अधिकारी वर्ग।

**मुंबई।** महापारेषण के मुख्यालय प्रकाशगंगा में भारत का 76वां गणतंत्र दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इसके साथ ही महापारेषण के सात परिमंडल कार्यालयों में भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रकाशगंगा स्थित मुख्यालय में महापारेषण के निदेशक (संचालन) सतीश चव्हाण ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर महापारेषण के निदेशक (मानव संसाधन) सुगत गमरे, मुख्य अभियंता जुईली वाघ, सुनील सूर्यवंशी, पीयूष शर्मा, महेंद्र वालके, भूषण बल्लाल, मुख्य महाप्रबंधक (वित्त और लेखा) अंजू गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा और क्रियान्वयन) कैलास कणसे, उपमुख्य सुरक्षा और क्रियान्वयन अधिकारी किशोर पाटिल, मुख्य औद्योगिक संबंध अधिकारी भरत पाटिल, उपमहाप्रबंधक (मानव संसाधन) नितीन कांबळे, अभय रोही, अधीक्षक अभियंता विशाल वाघचौरे, शिष्टाचार अधिकारी सतिश जाधव और जनसंपर्क अधिकारी डॉ. मिलिंद आवताडे सहित वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### ऊर्जा विभाग के चित्ररथ ने आकर्षित किया ध्यान

दादर के शिवाजी पार्क में आयोजित चित्ररथ प्रदर्शन के दौरान महापारेषण (ऊर्जा विभाग) के चित्ररथ ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। विशेष रूप से मुख्यमंत्री सौर कृषि वाहिनी 2.0, पारेषण के वहन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे थीम पर आधारित इस चित्ररथ को उपस्थित लोगों की सराहना मिली। ऊर्जा विभाग की अपर मुख्य सचिव आभा शुक्ला और महापारेषण के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. संजीव कुमार के मार्गदर्शन में इस चित्ररथ को तैयार किया गया। इस अवसर पर महापारेषण के निदेशक (मानव संसाधन) सुगत गमरे, मुख्य औद्योगिक संबंध अधिकारी भरत पाटिल और शिष्टाचार अधिकारी सतिश जाधव उपस्थित थे।

## महावितरण कर्मियों के मेधावी बच्चों को छात्रवृत्ति

- विभाग ने उत्साहपूर्वक मनाया गणतंत्र दिवस
- कर्मचारियों के प्रतिभावान बच्चों को मिली छात्रवृत्ति



छात्रवृत्ति प्राप्त प्रतिभावान बच्चों और उनके अभिभावक कर्मचारियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित करते हुए कोंकण क्षेत्रीय विभाग के सह-प्रबंध निदेशक दिलीप जगदाले। साथ में मुख्य अभियंता चंद्रमणी मिश्रा और अन्य सदस्यगण।

**कल्याण/भांडुप।** 26 जनवरी को महावितरण के कोंकण क्षेत्रीय विभाग और कल्याण तथा भांडुप इन दोनों परिमंडल कार्यालयों में भारत के 76वें गणतंत्र दिवस का आयोजन को बड़े उत्साह के साथ किया गया। कोंकण क्षेत्रीय विभाग कार्यालय में सह-प्रबंध निदेशक दिलीप जगदाले, भांडुप परिमंडल कार्यालय में मुख्य अभियंता सुनील काकड़े और कल्याण परिमंडल कार्यालय में मुख्य अभियंता चंद्रमणी मिश्रा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कल्याण परिमंडल के छात्रवृत्ति प्राप्त प्रतिभावान बच्चों और उनके अभिभावक कर्मचारियों को कोंकण क्षेत्रीय विभाग के सह-प्रबंध निदेशक जगदाले और उपस्थित मान्यवरों द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं भांडुप परिमंडल कार्यालय के तहत ठाणे, वाशी और पेण मंडलों में महावितरण के सभी कार्यालयों और विद्युत वितरण प्रणाली की स्वच्छता के लिए व्यापक अभियान गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में चलाया गया। मुख्य अभियंता काकड़े समेत भांडुप परिमंडल के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर संबंधित कार्यालयों के महाप्रबंधक अनिल ब हाटे, उप महाप्रबंधक योगेश खैरनार, अधीक्षण अभियंता मोहन कालोगे, नीलकमल चौधरी, कैलास दुधबर्वे, दीपक पाटील, दिलीप भोले, महेश अंचिनमाने, सहायक महाप्रबंधक प्रवीण रहांगदले, हविशा जगताप और नमिता गझदर, उपमुख्य औद्योगिक संबंध अधिकारी रामगोपाल अहिर और महेंद्र बागुल समेत अधिकारी, अभियंता और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# उल्हासनगर मनपा प्रांगण में 76वां गणतंत्र दिवस

- आयुक्त मनिषा आव्हाले ने दी 110 फीट ऊंचे ध्वज को सलामी
- खेल विजेताओं को किया गया सम्मानित



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर मनपा के प्रांगण में 76वें गणतंत्र दिवस का वार्षिक समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। उल्हानगर मनपा प्रशासक एवं आयुक्त मनिषा आव्हाले के हस्ते ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई। इस अवसर पर राष्ट्रगान के बाद राज्य गीत का वादन किया गया। इस मौके पर देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति भी दी गई। समारोह में आमंत्रित स्वतंत्रता सेनानियों को प्रशासक एवं आयुक्त मनिषा आव्हाले, अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर और किशोर गवस ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। साथ ही, उल्हासनगर मनपा के खेल विभाग द्वारा अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आयोजित विभिन्न खेलों के विजेताओं को पारितोषिक और प्रशंसापत्र देकर सम्मानित किया गया। मनपा के लेखा विभाग को हाल ही में प्राप्त हुए आईएसओ प्रमाणपत्र के लिए विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशंसापत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद गोल मैदान, उल्हासनगर-3 में स्थित 110 फीट ऊंचे ध्वज को सलामी दी गई। इस समारोह में अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर और किशोर गवस, उप-आयुक्त विशाखा मोटघरे, उप-आयुक्त विजय खेडकर, पूर्व महापौर भगवान भालेराव, पूर्व नगरसेवक प्रदीप रामचंदानी, महेश सुखरामनी, जमनू पुरस्वानी, सहायक आयुक्त अजय साबले, मयुरी कदम, सुनील लोंढे, मुख्य लेखाधिकारी किरण भिलारे, मुख्य लेखा परीक्षक शरद देशमुख, प्रभाग अधिकारी गणेश शिंपी, मनिष हिवरे, अलका पवार, सलोनी निवकर, कार्यकारी अभियंता तरुण सेवकानी, मनपा सचिव प्राजक्ता कुलकर्णी, जनसंपर्क अधिकारी छाया डांगले, मुख्य बाजार निरीक्षक विनोद केणे, सुरक्षा अधिकारी यशवंत सगले, कर निर्धारक और संकलक नीलम कदम, सिस्टम एनालिस्ट श्रद्धा बाविस्कर, खेल विभाग प्रमुख शांताराम चौधरी, चिकित्सा अधिकारी मोहिनी धर्मा, विधि विभाग प्रमुख राजा बुलानी, जलापूर्ति विभाग प्रमुख परमेश्वर बूडगे, अग्निशमन अधिकारी सुरेश बोंबे, दिव्यांग कल्याण विभाग प्रमुख राजेश घणघाव, एनजीओ और मीडिया के प्रतिनिधि, अन्य अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# वसई-विरार मनपा क्षेत्र में छह स्थानों पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर शुरू



वसई-विरार। 'गणतंत्र दिवस' के अवसर पर 26 जनवरी को वसई विरार शहर महानगरपालिका क्षेत्र के विभिन्न 6 स्थानों पर मनपा द्वारा नागरिकों की स्वास्थ्य सेवा के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर शुरू किए गए। प्रभाग समिति 'सी' कार्यालय, पहली मंजिल, विरार पूर्व स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन विधायक राजन नाईक और प्रथम महिला महापौर प्रवीणा ठाकुर के करकमलों द्वारा किया गया। इसके अलावा अन्य आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का उद्घाटन संबंधित स्थानों के स्थानीय जनप्रतिनिधियों और मान्यवरों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी, नागरिक, मनपा के अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की सूची

1. आयुष्मान आरोग्य मंदिर, दहिसर, ग्रामपंचायत कार्यालय परिसर, विरार पूर्व। 2. आयुष्मान आरोग्य मंदिर, कणेर समाज मंदिर, पहली मंजिल, विरार पूर्व। 3. आयुष्मान आरोग्य मंदिर, दोस्ती कॉम्प्लेक्स, वसई पश्चिम। 4. आयुष्मान आरोग्य मंदिर, फादरवाड़ी, वसई पूर्व। 5. आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्रभाग समिति 'सी' कार्यालय, पहली मंजिल, विरार पूर्व। 6. आयुष्मान आरोग्य मंदिर, दिवलाई पाड़ा, विरार पूर्व।

# शिकायतकर्ताओं को मोबाइल लौटाए



**नालासोपारा।** पेल्हार पुलिस ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर खोए गए 8,25,000 रुपये के 55 मोबाइल फोन ढूंढकर शिकायतकर्ताओं को वापस करने में सफलता प्राप्त की।जानकारी के अनुसार,पेल्हार पुलिस स्टेशन की सीमा में मोबाइल फोन खोने की बड़ी संख्या में शिकायतें प्राप्त हो रही थीं,इसलिए वरिष्ठ अधिकारियों से उक्त खोए हुए मोबाइल फोन की खोज करने के निर्देश प्राप्त हुए थे। तदनुसार, पेल्हार पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जितेंद्र वनकोटी ने खोए हुए मोबाइल फोन की खोज करने के लिए अपराध जांच शाखा अधिकारी और कर्मचारियों को उचित निर्देश दिए। तदनुसार,अपराध जांच शाखा अधिकारी और कर्मचारी ने पिछले दो से तीन महीनों में पेल्हार पुलिस स्टेशन की सीमा से खोए /गायब हुए विभिन्न कंपनियों के मोबाइल फोन के बारे में जानकारी ली और तकनीकी जानकारी के विश्लेषण के आधार पर खोए हुए मोबाइल फोन के बारे में आगे की पूछताछ की। 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न शिकायतकर्ताओं से संबंधित कुल 8,25,000 रुपये मूल्य के 55 मोबाइल फोन ढूंढे गए और शिकायतकर्ताओं को वापस कर दिए गए। शिकायतकर्ताओं में पुलिस के कार्यों प्रशंसा करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## नवी मुंबई मनपा आयुक्त ने किया सम्मानित

# लेखिका अच्युत पालव को 'पद्मश्री' पुरस्कार



- समस्त नवी मुंबईकरों की ओर से यह सम्मान : अच्युत पालव

**नवी मुंबई।** भारत सरकार द्वारा गणतंत्र दिवस की पूर्वसंध्या पर घोषित किए गए पद्म पुरस्कारों में विश्वविख्यात सुलेखनकार अच्युत पालव को 'पद्मश्री' जैसा प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार घोषित किया गया है। इस उपलक्ष्य में नवी मुंबई मनपा आयुक्त और प्रशासक डॉ. कैलास शिंदे ने उनके निवास पर जाकर उनका अभिनंदन करते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर आयुक्त के साथ अतिरिक्त आयुक्त सुनील पवार, शहर अभियंता शिरीष आरदवाड, प्रशासन विभाग के उप आयुक्त शरद पवार, और समाज विकास विभाग के उप आयुक्त किसनराव पलांडे उपस्थित थे। सुलेखनकार अच्युत पालव को 'पद्मश्री' जैसा अत्यंत प्रतिष्ठित पुरस्कार मिलने से नवी मुंबई शहर का गौरव बढ़ा है और यह हर नवी मुंबईकर के लिए गर्व की बात है। यह भावना व्यक्त करते हुए मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे ने नवी मुंबई के शहर सौंदर्यीकरण में अच्युत पालव के अमूल्य योगदान का विशेष उल्लेख किया। स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत नवी मुंबई मनपा द्वारा चलाई गई चित्रकविताभित्ती (आर्ट वॉल) की अभिनव पहल, अच्युत पालव की सुलेखन कविताओं के माध्यम से सफल हुई थी। इस पहल की प्रशंसा पूरे महाराष्ट्र में हुई और इसे राष्ट्रीय स्तर पर भी मान्यता मिली। मराठी भाषा गौरव दिन के अवसर पर, वे अपने सुलेखन के छात्रों के साथ वाशी स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज चौक के प्रदर्शनी क्षेत्र में मनपा के सहयोग से मराठी सुलेखन प्रदर्शनी का आयोजन करते हैं। स्वच्छ नवी मुंबई मिशन के तहत वे मनपा के ब्युटिफिकेशन आइकन हैं। चालीस से अधिक वर्षों से सुलेखन क्षेत्र में समर्पण और विशेष रूप से लिपियों के लिए अद्वितीय योगदान देने वाले अच्युत पालव को 'पद्मश्री' पुरस्कार से सम्मानित होते देख, उन्होंने कहा कि नवी मुंबई का नागरिक होने पर उन्हें गर्व है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी कार्य को पूरी निष्ठा के साथ किया जाए, तो उसमें सफलता अवश्य मिलती है। अपना अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि 'पद्मश्री' पुरस्कार से सुलेखन क्षेत्र में आने वाली नई पीढ़ी को प्रेरणा और नई दिशा मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि भारत एक लिपिप्रधान देश है और यहां विभिन्न लिपियों में काम करने की असीम संभावनाएं हैं।

# महादेव काले राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित

## उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने प्रदान किया पदक

**दिनेश चन्द्र रावल / जागरूक टाइम्स**



- बेदाग रही 37 साल की सेवा
- ठाणे पुलिस बल की विशेष शाखा में कार्यरत एसआई

**ठाणे।** ठाणे पुलिस बल की विशेष शाखा में कार्यरत उपनिरीक्षक महादेव काले को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। देश के 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर साकेत स्थित पुलिस ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राष्ट्रपति पुलिस पदक प्रदान किया। पुलिस बल में अपनी 37 साल की सेवा में महादेव काले ने अब तक बे दाग सेवा दी है। क्राइम ब्रांच की यूनिट 1 में रहते हुए काले ने 4 हिजबुल आतंकवादियों को गिरफ्तार करके एक बड़े संकट को टालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जो वर्ष 2000 में एक घात लगाने के लिए विभिन्न हथियारों के साथ छिपे हुए थे। इस उपलब्धि के लिए महादेव काले और उनकी टीम को राज्य के तत्कालीन गृहमंत्री और उपमुख्यमंत्री द्वारा पुरस्कार पत्र देकर सम्मानित किया गया था। महादेव काले ने अपनी सेवा के दौरान चार हत्याओं और 11 चोरियों का खुलासा किया है। इस सराहनीय प्रदर्शन के लिए महादेव काले को मई 2014 में राज्य के पुलिस महानिदेशक द्वारा सम्मान पदक से सम्मानित किया गया। महादेव काले, जिनकी घरेलू पृष्ठभूमि पुलिस सेवा से जुड़ी है, अपने पिता गोविंद काले की तरह 1988 में ठाणे पुलिस बल में शामिल हुए। पुलिस बल में अपनी सेवा के दौरान उन्होंने ठाणे के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में अपनी छाप छोड़ी है। पुलिस बल में अब तक बेदाग सेवा देने वाले महादेव काले ने अपनी सांसारिक जिम्मेदारियों को भी बखूबी निभाया है। इसमें उन्हें अपनी पत्नी सीमा से बहुमूल्य सहयोग मिला है। उनकी बेटी अश्विनी एमबीबीएस डॉक्टर है और उनकी दूसरी बेटी आयुषी ने एमएस तक की शिक्षा पूरी कर ली है।

# प्रबंधन में सफलता को तर्क की सीमा अत्यंत महत्वपूर्णः डा. श्रीखंडे




**मुंबई।** प्रबंधन में कई पहलुओं को विशेष महत्व दिया जाता है, जिनमें से एक है तर्कशास्त्र। तर्क की सीमा के भीतर किया गया प्रबंधन सफलता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, ऐसा विचार लेखिका डॉ. मेहरा श्रीखंडे ने व्यक्त किया। पाला मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित 'तर्क की सीमा और उससे परे' विषय पर व्यवस्थापन व्याख्यान में वे बोल रही थीं। इस अवसर पर अध्यक्ष माया राहुल, महासचिव मैथ्यू जोसेफ, विनोद चंद्रन, जेम्स मैथ्यू, कैप्टन बाबू जोसेफ, और कृष्णकुमार सी.के. जैसे प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित थे। डॉ. मेहरा श्रीखंडे ने इससे पहले 'अतिंद्रिय अनुभव' और अंतरिक्ष जगत पर आधारित 'एक न पटणारे सत्य' जैसी पुस्तकें लिखी हैं और विभिन्न विषयों पर व्याख्यान भी दिए हैं। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में प्रबंधन शामिल है। यह प्रबंधन जीवन जीने की एक शैली है। इसलिए हर कदम पर तर्क और उससे संबंधित कई पहलुओं का समावेश होता है, जो हमें दिखाई देता है।उन्होंने कहा कि इनमें से कुछ चीजें हमें स्पष्ट रूप से समझ आती हैं, जबकि कुछ अनजाने में होती रहती हैं। लेकिन यदि इन्हें व्यवस्थित रूप से समझा जाए, तो निश्चित रूप से हमारे कार्य में सफलता मिल सकती है।

# मीरा भायंदर राकांपा का आरोग्य शिविर



**मीरा भायंदर।** मीरा भायंदर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी द्वारा आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया।राकांपा प्रदेश सचिव रमजान खत्री ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ की जांच इस शिविर में की गई जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी जांच कराई। इस अवसर पर खत्री ने उपमुख्यमंत्री अजित पवार द्वारा किए जाने वाले कार्यों की जानकारी पार्टी कार्यकर्ताओं सहित अन्य लोगों को दी। मीरा भायंदर महानगरपालिका संचालित राजीव गांधी हॉस्पिटल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया तो नॉर्थन केअर सुपर स्पेशालिटी हॉस्पिटल के सहयोग से कई प्रकार की जांच की गई जिसमें ब्लडप्रेशर, ईसीजी, आंखों की जांच , मोतियाबिंदु , एंजियोग्राफी , एंजियोप्लास्टी, बायपास, किडनी स्टोन जैसी जांच की गई।आंखों की जांच के बाद मरीजों को मुफ्त चश्मे दिए गए।आरोग्य शिविर में भक्ति वेदांत और पीवी दोषी अस्पताल ने विशेष सहयोग दिया।इस अवसर पर नसीम खान जिला उपाध्यक्ष, शाहीन खान , आफाक खान अरबाज खत्री, साजिद पटेल, शाहनवाज सिद्दीकी, जकी पटेल, मनोज कोतवाल, भारती त्रिवेदी, प्रमोद कांबळे, जाहिद काझी, प्रोफेसर निसार अहमद सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### प्रयागराज कुंभ मेला 2025

# केस इंडिया ने लॉन्च किया 'प्रोजेक्ट मिलाप'






**मुंबई।** सीएनएच ब्रांड केस कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट ने प्रयागराज में कुंभ मेला 2025 में भाग लेने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए प्रोजेक्ट मिलाप लॉन्च किया है। यह एक अभूतपूर्व कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल है, जिसका उद्देश्य प्रयागराज में कुंभ मेले में भाग लेने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इस पहल को सीएसआर कमेटी के एमरे करज़ली, वीपी-कंस्ट्रक्शन सेगमेंट, सीएनएच एपीएसी, शलभ चतुर्वेदी, मैनेजिंग डायरेक्टर, केस इंडिया और सार्क, सतेंद्र तिवारी, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर - ऑपरेशंस, श्री पुनीत विद्यार्थी, ब्रांड मार्केटिंग हैड, एपीएसी और कंपनी के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आधिकारिक तौर पर हरी झंडी दिखाई गई।

### 'यू विल नेवर गेट लॉस्ट' कॉन्सेप्ट पेश

करीब 120/400 मिलियन से अधिक तीर्थयात्रियों के आने की उम्मीद के साथ, इस प्रोजेक्ट ने खोए हुए व्यक्तियों को उनके परिवारों से फिर से मिलाने में मदद करने के लिए एक अभिनव 'यू विल नेवर गेट लॉस्ट' कॉन्सेप्ट पेश किया है। इस पहल में मेला मैदानों और प्रमुख परिवहन केंद्रों में निर्दिष्ट पंजीकरण केंद्रों पर तीर्थयात्रियों को क्यूआर कोड-सक्षम हैंड बैंड वितरित किए जाएंगे। इन बैंडों में खोए हुए लोगों की शीघ्र पहचान की सुविधा के लिए आवश्यक जानकारी होगी, जिससे अलगाव के कारण होने वाले संकट में काफी कमी आएगी। सीएनएच की सीएसआर हैड कविता साह ने कहा, "परियोजना मिलाप सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक कल्याण के प्रति हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस प्रोजेक्ट के माध्यम से, हमारा लक्ष्य कुंभ मेले में भाग लेने वाले लाखों तीर्थयात्रियों के लिए एक सुरक्षित अनुभव सुनिश्चित करना है। हमारा लक्ष्य परिवारों को यह आश्वासन प्रदान करना है कि उनके प्रियजन सुरक्षित हैं, जिससे वे अपनी आध्यात्मिक यात्रा पर ध्यान केंद्रित कर सकें।"

### दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक समागम

दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागम के तौर पर प्रतिष्ठित कुंभ मेले के पिछले आयोजनों के दौरान अनेक ऐसी दुखद घटनाएं हुई हैं, जिनमें भगदड़ और लापता लोगों के मामले में लोगों ने बहुत परेशानियां उठाई हैं। खास तौर पर बुजुर्ग नागरिकों और बच्चों के मामलों में लोग बहुत परेशान होते रहे हैं। प्रोजेक्ट मिलाप इन चुनौतियों का समाधान एक मजबूत ऑफ़लाइन और ऑनलाइन पंजीकरण प्रणाली के माध्यम से करना चाहता है, जिससे भक्त एक समर्पित मोबाइल ऐप और वेबसाइट के माध्यम से अपने घरों से ही पूर्व-पंजीकरण कर सकते हैं। ब्रांड मार्केटिंग हैड, केस एपीएसी पुनीत विद्यार्थी ने कहा, "कुंभ मेला संस्कृति, आस्था और मानवता के एक अनूठे समागम को दर्शाता है। प्रोजेक्ट मिलाप के माध्यम से, हमारा उद्देश्य प्रियजनों को खोने के डर को खत्म करके इस आध्यात्मिक समागम के आनंद को बढ़ाना है। यह पहल समाज की भलाई के लिए टैक्नोलॉजी और इनोवेशन का लाभ उठाने के लिए केस की प्रतिबद्धता का प्रमाणा है।"

### केस इंडिया की पहल

केस इंडिया ने पहल के सुचारू क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने, भक्तों की सुरक्षा और परिवार की मानसिक शांति को बढ़ाने के लिए स्थानीय अधिकारियों और गैर सरकारी संगठनों के साथ भागीदारी की है। रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंड और मेला प्रवेश बिंदुओं जैसे प्रमुख स्थानों पर पंजीकरण काउंटर स्थापित किए जाएंगे, साथ ही मोबाइल ऐप या माइक्रोसाइट के माध्यम से पंजीकरण करने के विकल्प भी होंगे। प्रशिक्षित स्वयंसेवकों के साथ खोया-पाया केंद्रों का एक नेटवर्क लोगों की सहायता करेगा, जिसे मेला मार्गों पर सोशल मीडिया, हैंडबिल और डिजिटल भित्ति चित्रों के माध्यम से जागरूकता अभियानों के जरिये सपोर्ट दिया जाएगा।

# वसई विरार शहर मनपा मुख्यालय सहित अन्य स्थानों पर ध्वजारोहण

## मनपा अग्निशमन विभाग को मजबूत करने के लिए तीन नए फायर स्टेशन बनाए जा रहे



**विरार।** वसई विरार शहर महानगरपालिका मुख्यालय के साथ-साथ सभी वार्ड समिति कार्यालयों में 26 जनवरी को "गणतंत्र दिवस" मनाया गया। मनपा मुख्यालय में आयुक्त एवं प्रशासक अनिल कुमार पवार द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों द्वारा राष्ट्रगान,ध्वजगान एवं राज्यगान गाया गया तथा शपथ ली गई। भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन भी किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपने भाषण में आयुक्त ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। इसमें नागरिकों की सुरक्षा के लिए मनपा अग्निशमन विभाग को मजबूत करने के लिए तीन नए फायर स्टेशन बनाए जा रहे हैं। वसई गांव में नर्सरी बाग के पास,वालिव में मीनाक्षी इंडस्ट्रियल के पास और टिवरी में सनटेक के पास इन फायर स्टेशनों का निर्माण शुरू हो गया है। शहर की परिवहन सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए मार्च के अंत तक मनपा बेड़े में 17 नई इलेक्ट्रिक बसें शामिल की जाएंगी। वर्तमान में मनपा बेड़े में 147 बसें हैं और 36 अलग-अलग रूटों पर नागरिकों को बस सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। नई बसें मिलने के बाद उन नए रूटों या उन रूटों पर परिवहन सेवाएं प्रदान की जाएंगी, जहां अभी बस सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं। साथ ही, केंद्र सरकार की पीएमई बस सेवा योजना के तहत मनपा बेड़े को 100 बसें मिलेंगी और इसके लिए नवघर बस डिपो और नालासोपारा बस डिपो का नवनिर्माण किया जा रहा है।नागरिकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए मनपा के अस्पतालों के साथ-साथ हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे अपला दवाखाना और आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। नागरिकों की स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए मनपा के माध्यम से 15 हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे अपना डिस्पेंसरी और 26 आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हैं। 26 जनवरी को कुल 6 आयुष्मान स्वास्थ्य मंदिर क्रियान्वित किए जा रहे हैं। इनमें 1) दहिसर, ग्राम पंचायत कार्यालय स्थान, विरार पूर्व 2) कनेर समाज मंदिर, प्रथम तल, विरार पूर्व 3) दोस्ती कॉम्प्लेक्स, वसई पश्चिम 4) फादरवाड़ी, वसई पूर्व 5) वार्ड समिति 'सी' कार्यालय, प्रथम तल, विरार पूर्व 6) दिवलाई पाड़ा, विरार पूर्व। इन 6 स्थानों पर आयुष्मान स्वास्थ्य मंदिर क्रियान्वित किए जा रहे हैं।इसी प्रकार, नागरिकों की सुविधा के लिए मनपा क्षेत्र में पोर्टेबल एक्स-रे मशीन भी उपलब्ध कराई गई है। इसी तरह शहर में सीवेज निपटान के लिए नालासोपारा पूर्व में 103 एमएलडी क्षमता के एसटीपी प्लांट का काम शुरू किया गया है। और उसी स्थान पर पानी के पुनः उपयोग के लिए टर्शरी ट्रीटमेंट प्लांट शुरू करने के लिए डीपीआर तैयार कर सरकार को मंजूरी के लिए भेजा गया है। इसी तरह नालासोपारा पश्चिम जोन 4 और नवघर मानिकपुर जोन 6 में दो एसटीपी प्लांट के लिए डीपीआर तैयार कर सरकार को मंजूरी के लिए भेजा गया है। सरकार की मंजूरी मिलने के बाद इन सभी कार्यों को जल्द से जल्द क्रियान्वित किया जाएगा और शहर में सीवेज निपटान का काम अच्छे तरीके से करने का काम मनपा द्वारा किया जाएगा।चूंकि मनपा को इन सभी कार्यों के लिए स्वयं की धनराशि भी उपलब्ध करानी है, अतः आयुक्त ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे समय पर अपना सम्पत्ति कर एवं जल कर जमा कर मनपा का सहयोग करें, ताकि धनराशि की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। इसी तरह, गोखिवारे लैंडफिल में जमा पुराने कचरे के निपटान की प्रक्रिया शुरू कर दी।

### पीपल का पेड़ काटा, भैरूजी की मूर्ति तोड़कर कुएं में फेंकी, समाज ने किया विरोध

# 200 साल पुराने कुएं पर अतिक्रमण का प्रयास





■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादड़ी।** सादड़ी नगरपालिका के वार्ड नंबर 32 में स्थित संगरवंशी ओड माली समाज की 200 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक कुएं पर अतिक्रमण का मामला सामने आया है। समाज के अध्यक्ष ओगडराम माली ने बताया कि कुछ लोगों ने बावड़ी के पास स्थित पवित्र पीपल के वृक्ष को काटने का प्रयास किया और वहां स्थापित कुलदेवता भैरूजी की मूर्ति को तोड़कर कुएं में फेंक दिया। कुआं सुथारों का बास नाईवाड़ा के पास स्थित है, जिसका निर्माण एक रात में किया गया था। तब से लेकर आज तक समाज के लोग इसका उपयोग करते आ रहे हैं। समाज ने चंदा इकट्ठा कर कुएं के चारों ओर चबूतरा भी बनवाया था, जो उनकी धार्मिक आस्था का प्रतीक है। अध्यक्ष ने बताया कि कुछ लोगों ने जेसीबी मशीन से कुएं को मिट्टी से भरने का प्रयास किया और पीपल के हरे वृक्ष की जड़ों को काटा। जैसे ही इसकी सूचना समाज के पदाधिकारियों को मिली, वे मौके पर पहुंचे व नगरपालिका को सूचना देकर हो रहे कार्य को रुकवाया। इस दौरान आरोपियों ने चबूतरे को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। मामले को लेकर मांगीलाल सगरवंशी, भंवरलाल, राजूराम, मदन माली, सोहनलाल माली, मांगीलाल, दिनेश कुमार, बाबूलाल माली, जितेंद्र कुमार, ओगडराम, रमेश कुमार, अशोक माली सहित कई समाज के लोग मौके पर पहुंचे। सगरवंशी माली समाज ने नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी के नाम पालिकाकर्मी परबतसिंह को ज्ञापन सौंपकर मौका रिपोर्ट तैयार करवाकर कार्यवाही की मांग की है।

# सादड़ी : वार्षिक मेले व प्रतिभा सम्मान समारोह की पत्रिकाओं का विमोचन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादड़ी।** सादड़ी, आना, मेवाड़िया के सह मीडिया प्रभारी मांगीलाल लुणिया ने बताया कि गणपति व श्रीयादे माता पूजा अर्चना के साथ 33वें श्रीयादे माता के वार्षिक मेला व प्रतिभा सम्मान समारोह की आमंत्रण पत्रिकाओं का विमोचन किया। प्रथम आराध्य को निमंत्रण चढ़ाया। बैठक में ग्राम-ग्राम पत्रिका वितरण प्रभारी नियुक्त कर उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गईं। प्रजापति समाज आना, सादड़ी, मेवाड़िया, चौताला से यादे मंदिर की 33वीं वर्षगांठ पर आयोज्य मेला व प्रतिभा सम्मान समारोह की आमंत्रण पत्रिका चौताला अध्यक्ष नथाराम भंबोरिया जाटों का गुड़ा व प्रजापत समाजबंधुओं की मौजूदगी में विमोचन के बाद आराध्य देवी-देवताओं को निमंत्रण चढ़ाया। सोमवार सवेरे प्रजापति समाज सादड़ी, आना, मेवाड़िया, चौताला के अध्यक्ष नथाराम प्रजापत जाटों का गुड़ा, सचिव कपूरचंद जलवानिया, श्री श्रीयादेवी प्रवासी विकास मंडल मुंबई के अध्यक्ष ओगडराम मोरवाल घाणेराव, कोषाध्यक्ष मोहनलाल कपुकरा, महामंत्री फूलचंद कपुकरा नारायणलाल, पुखराज लुणिया की



कराराम, मानाराम, प्रतापराम, अचलाराम, जीवाराम, बाबूलाल, पुखराज, कालूराम, खीमाराम, रताराम, प्रकाश, थानाराम, मनाराम, मांगीलाल, फुआराम, रामलाल, देवाराम, दूदाराम, कपूरचंद, समाराम, वागाराम, सोहन, मुकेश, लक्ष्मण, जीवाराम, आदि की मौजूदगी में बैठक में विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा कर जिम्मेदारी सौंपी। प्रतिभाओं की चयन की प्रक्रिया के लिए चयन समिति बनाई गई। श्रीयादे प्रजापति युवा संगठन अध्यक्ष रमेश प्रजापत ने बताया कि 9 फरवरी को प्रजापति समाज भवन में भजन संध्या आयोजन होगा। 10 फरवरी के मंदिर में ध्वजा चढाई जाएगी। मंदिर से प्रजापति समाज भवन तक शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर नारायणलाल, रमेश प्रजापत, प्रमोद, कैलाश, युवा संगठन अध्यक्ष रमेश प्रजापत पार्षद आदि मौजूद थे।

# श्री आईमाताजी धर्म वेल रथ के दर्शन कर मंगलकामनाएं कीं

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** बाली गोडवाड़ में श्री आईमाताजी धर्म वेल रथ के आगमन के चार दिवसीय लगातार दिन रात पूजा अर्चना सहित धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। दिन में अधिक संख्या में लोग श्री आईमाताजी धर्म वेल रथ के दर्शन कर मंगलकामनाएं कर रहे हैं। सीरवी समाज सेवी एवं मीडिया प्रभारी खेताराम महाराज ने बताया कि सीरवी समाज, स्वजातीय श्रद्धालुओं का आवागमन आईमाताजी के दर्शन करने रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। महिलाओं, युवाओं द्वारा रात्रि में भजन कीर्तन, मंगल गीत, कथा सहित स्थानीय गायकों द्वारा भजन कीर्तन किए जा रहे है। इस मौके पर प्रमुख बाबा मण्डली पुना बाबा, खेताबाबा, शंकर बाबा, जेठाराम सोलंकी, रतनलाल, राजेन्द्र सिंह पंवार, बाबूलाल परिहार बिलाड़ा धाम द्वारा जात उग्राणी धर्म की वैल डोरा ऊगारणी देकर समाज के कोटवाल नथाराम सोलंकी व जमादारी कानाराम के सानिध्य में एवं समाज के पंच गणों प्रमुख महानुभावों द्वारा व्यवस्था को लेकर अपनी अपनी भागीदारी देकर लाभ प्राप्त कर रहे हैं। वैल रथ 29 जनवरी को बाली से विदाई समारोह लेकर बाली से बिलाड़ा धाम पहुंचेगा। बड़ी बीज माही बीज पर बाली गोडवाड़ से बिलाड़ा धाम पहुंचेगा।



# वॉल्वो टैक्स प्रीमियर लीग का खिताब द स्कॉर्पियोन टीम के नाम

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** नगर में सुमेरपुर-शिवगंज तथा आस-पास के टैक्स प्रोफेशनल, चार्टड अकाउंटेंट तथा उनके स्टाफ एवं जीएसटी डिपार्टमेंट सुमेरपुर तथा सिरोही के अधिकारियों व स्टाफ के बीच एक दिवसीय बॉक्स क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सीए मुकेश परमार ने बताया कि इस टूर्नामेंट में आठ टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में कुल 15 मैच खेले गए। सभी लीग मैच के बाद भरत सिंह राठौड़ की टीम द स्कॉर्पियन कप्तान तथा आशीष बोहरा की टीम जवाई पलटन कप्तान फाइनल में पहुंची। रोमांचक फाइनल मुकाबले में द स्कॉर्पियोन टीम विजयी हुई और मोहित अग्रवाल मैंन ऑफ द टूर्नामेंट बने। विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। आयोजन कमेटी ने बताया कि सभी खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। साथ ही घोषणा की गई कि जल्द ही इस प्रतियोगिता के तीसरे सीजन का आयोजन किया जाएगा।



# फालना उद्योग मंडल जिला स्तर पर सम्मानित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर फालना उद्योग मंडल को राइजिंग राजस्थान समिट का उत्कृष्ट आयोजन करने हेतु पाली जिला स्तर पर केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, जिला कलेक्टर एलएन मंत्री के हाथों उद्योग मंडल के अध्यक्ष बहादुर सिंह खालसा, डायरेक्टर रामकिशोर गोयल, नरेंद्र सुथार सम्मानित हुए। इस अवसर पर उद्योग मंडल के अध्यक्ष बहादुर सिंह खालसा ने अपनी समस्त टीम का आभार व्यक्त किया और कहा कि टीम द्वारा समय समय पर सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में उद्योग मंडल की अहम भूमिका रहती है एवं भविष्य में भी सदस्यों का अहम योगदान मिलेगा ऐसी आशा व्यक्त की। इस अवसर पर आज टीम को बधाई देने वालों में बाली विधायक पुष्पेन्द्र सिंह राणावत, नगर पालिका अध्यक्ष ललिता रमेश शा जैन शिक्षण संघ के सीईओ डा. सुरेश चंद अग्रवाल, नोबल स्कूल के डायरेक्टर अनंत सिंह, अमित मेहता, व्यापार संघ अध्यक्ष श्याम सिंह जोधा, गोपाल पारीक, शक्ति सिंह श्री सेला, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सीदावत, भरत त्रिवेदी, संभव जैन, समाजसेवी प्रीतपाल सिंह छाबड़ा, आर्य मिहिर, अविनाश अग्रवाल, नरेश आदि लोगों ने फालना उद्योग मंडल परिवार के अध्यक्ष एवं समस्त टीम को बधाई देकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।



# बजरंग दल की कार्यकारिणी गठित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** कस्बे में विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल की बैठक चौधरियों का दरवाजा, होली चौक स्थित आशापुरा आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित हुई। जिसमें विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल कार्यकारिणी (दायित्व) बनाई गई। बजरंग दल के प्रखंड संयोजक जीतू पंडित ने बताया कि प्रांत संगठन मंत्री राजेश पटेल, प्रांत प्रचार सह प्रमुख नरेश बोहरा, जिला उपाध्यक्ष व प्रखंड पालक रानी लखमाराम परमार, जिला सह मंत्री रतनपुरी, प्रखंड अध्यक्ष चंपालाल, जिला सत्संग प्रमुख श्रवण महाराज, जिला सेवा प्रमुख प्रकाश गहलोत, प्रखंड मंत्री महिपाल प्रजापति, प्रखंड सह-संयोजक रोहित रामावत, प्रखंड सुरक्षा प्रमुख प्रमोदपुरी गोस्वामी आदि अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ भारतमाता चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नगर अध्यक्ष लुंबाराम, उपाध्यक्ष मनोहरसिंह, नगर मंत्री गुरुदतसिंह, सहमंत्री रामलाल, नगर संयोजक प्रहलाद बंजारा, सह संयोजक पूरणसिंह, मातृ संयोजिका सूरज गोस्वामी, दुर्गावाहिनी संयोजिका भारती प्रजापति, सत्संग प्रमुख किशोर परमार, गौसेवा प्रमुख भरत प्रजापति, सेवा प्रमुख दिलीपसिंह, विद्यार्थी प्रमुख अजयपालसिंह, विद्यार्थी सह प्रमुख आदर्श जोशी, समरसता प्रमुख हंसाराम मारु, कार्यकाल संरक्षक सचिन चौधरी, बलोपासना प्रमुख मगराज परमार को दायित्व की नियुक्ति की गई। सभी नए दायित्ववान सनातनी भाइयों-बहिनों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाए देते हुए प्रभु भगवान राम की कृपा दृष्टि बनाए रखने तथा सनातन धर्म को आगे बढ़ाने की मंगलकामना की।



# कार ने बाइक को मारी टक्कर, तीन घायल



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** नेशनल हाइवे पर रोहट के निकट एक कार ने बाइक सवार तीन जनों को चपेट में ले लिया। घटना में पति-पत्नी और पुत्र घायल हो गए। जिन्हें पाली के बांगड़ अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया। जानकारी के अनुसार अकेली गांव निवासी रामचंद्र अपनी पत्नी लीला पुत्र ललित के साथ बाइक से खालड़ा गांव शोकसभा में सम्मिलित होने जा रहा था तभी पीछे से आ रही कार ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे तीनों गभीर रूप से घायल हो गए। सभी को बांगड़ अस्पताल में रेफर किया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर किया गया।

# बार एसोसिएशन बाली की क्रिकेट प्रतियोगिता में पुलिस टीम चैंपियन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** राजकीय महाविद्यालय बाली के मैदान पर बार एसोसिएशन बाली द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेला गया। इस रोमांचक मैच में पुलिस विभाग बाली और न्यायिक विभाग देसूरी की टीमें आमने-सामने थीं, जिसमें पुलिस विभाग की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय हासिल की। समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान कांग्रेस मजदूर संघ के प्रदेशाध्यक्ष शैतानसिंह सोलंकी ने विजेता पुलिस टीम को चैंपियनशिप ट्रॉफी प्रदान की। उपविजेता रही न्यायिक विभाग देसूरी की टीम को भी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रनर-अप ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन की पूरी कार्यकारिणी और बड़ी संख्या में वकील बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति की सराहना की गई और उन्हें विशेष धन्यवाद दिया गया। यह टूर्नामेंट न केवल खेल भावना को बढ़ावा देने में सफल रहा, बल्कि पुलिस और न्यायिक विभाग के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों को भी मजबूत करने में सहायक सिद्ध हुआ।

**▸▸ न्यायिक विभाग देसूरी को हराकर जीता फाइनल, शैतान सिंह सोलंकी ने दी ट्रॉफी**




# धूमधाम के साथ मनाया गणतंत्र दिवस



**देसूरी।** उपखण्ड मुख्यालय स्थित समस्त कार्यालय विद्यालयों आदि पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडारोहण किया गया। सर्व प्रथम देसूरी थाने में थानाधिकारी हरीसिंह राजपुरोहित मय जाब्ते के झंडारोहण किया गया। उपखण्ड कार्यालय, तहसील कार्यालय, न्यायालय, विद्यालयों समेत पंचायत समिति देसूरी प्रधान संगीता अमरसिंह राजपुरोहित विकास अधिकारी कुम्भसिंह भाटी मय स्टाफ द्वारा झंडारोहण किया गया। ग्राम पंचायत प्रशासक केसाराम भील ग्राम विकास अधिकारी घीसाराम चौधरी, प्रहलादसिंह सोलंकी, सदस्य भवानीसिंह राठौड़ मय स्टाफ ने झंडारोहण किया। इस दौरान विद्यालय खेल मैदान में परेड आदि कर झंडारोहण किया गया। बाद में विद्यार्थियों द्वारा एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गईं। उपखण्ड स्तर पर अपराधों की रोकथाम को लेकर उत्कृष्ट कार्य करने पर कांस्टेबल रामफूल मीणा, धर्मेंद्र कुमार, प्रकाशचन्द्र को उपखण्ड प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। अगली कड़ी में आना पंचायत के विक्रमसिंह गहलोत समिति जेटीए जयपाल दादलिया ग्राम पंचायत प्रशासक कमेटी सदस्य ओमप्रकाश मेवाड़ा, भोमसिंह राठौड़ समिति जयपाल मीणा, बाबूदास वैष्णव समेत देसूरी प्रशासक केसाराम भील व सदस्य भवानीसिंह राठौड़ को मिष्ठान वितरण करने पर उपखण्ड अधिकारी द्वारा साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

**खिंवाड़ा।** 76वां गणतंत्र दिवस रविवार को कस्बे में उप तहसील, पुलिस थाना सहित समूचे क्षेत्र भर के तमाम सरकारी विद्यालयों व निजी संस्थाओं में परम्परागत ढंग से मनाया गया। इस दौरान रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित हुए। खिंवाड़ा उप तहसील प्रांगण में नायब तहसीलदार मदनसिंह राजपुरोहित व खिंवाड़ा पुलिस थाना परिसर में थानाधिकारी मनमंथ आढा ने ध्वजारोहण कर 76वां गणतंत्र दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय प्रांगण में कस्बे की राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बालाजी उच्च माध्यमिक, दयानंद उच्च प्राथमिक, आदर्श विद्या मंदिर, देव पब्लिक स्कूल का सामूहिक रूप से खिंवाड़ा नायब तहसीलदार मदनसिंह राजपुरोहित, खिंवाड़ा थाना प्रभारी मनमंथ आढा के विशिष्ट आतिथ्य एंव संस्था प्रधान घीसाराम चौधरी की अध्यक्षता में मनाया गया। इस दौरान सामूहिक रूप से परेड व रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित हुए। छात्र-छात्राओं ने मनमोहक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मनमोह लिया। कोलर, जीवंद कलां, वणदर, रायपुरिया, घेनड़ी, पिलोवनी, गजनीपुरा, बर्री, पांचेटिया में भी गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया।

**रानी** के प्रताप बाजार स्थित धर्मवीर मैदान में 76वां गणतंत्र दिवस गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका अधिकारी अधिकारी सुदर्शन जागु की अनुशंसा पर अन्नपूर्णा रसोई के संचालक प्रकाश खारवाल पिचियाक श्री शाकम्भरी मां सेवा समिति रानी को कोराना काल में भोजन के पैकेट बनाकर वितरित करने के उत्कृष्ट कार्य हेतु उपखण्ड स्तर पर विधायक केशाराम चौधरी, चेयरमेन भरत राठौड़, डालचन्द मेवाड़ा द्वारा सम्मानित किया गया।

**नाडोल** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के खेल प्रांगण में 76वां गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। पंचायत भवन में राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। अम्बेडकर सर्कल, ग्राम सेवा सहकारी समिति, राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा नाडोल, राजकीय बालिका उच्च मा. विद्यालय, आर्दश विद्या मंदिर, विश्व भारती शिक्षण संस्थान, रा.उ.प्रा.वि.नं.1. ओटीबाई चतराजी घांची रा.उ.प्रा.वि.नं2, राजहंस पब्लिक स्कूल, ग्रीन विनश पब्लिक स्कूल, आशापुरा आर्दश विद्या मंदिर में तिरंगा फहराया गया।

# मंदिर निर्माण को लेकर बैठक में चर्चा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** नगर के शीतला माता मंदिर प्रांगण में शीतला माताजी मंदिर ट्रस्ट की बैठक आयोजित की गई।
शीतला माता मंदिर जीर्णोद्धार को लेकर सभी सुमेरपुर के गणमान्य सदस्यों एवं ट्रस्ट सदस्यों ने आपस में विस्तृत चर्चा की।
जिसमें नगर पालिका द्वारा मंदिर के आगे बरामदे के निर्माण कार्य के साथ-साथ मंदिर के पीछे वाले भाग को भी ऊंचा शिखरबन्द मंदिर का निर्माण कार्य करवाने का निर्णय लिया गया।
जिसमें सर्वसम्मति से आगे के भाग की प्याऊ को हटाकर दूसरी जगह नयी प्याऊ बनाने, साइड की दोनों दुकानों को तोड़कर उसे भी मंदिर वाले भाग में सम्मिलित करने का सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। आगामी बैठक में रूपरेखा तय की जायेगी। इस मौके पर शान्तिलाल देवड़ा, चतुर्भुज शर्मा, चम्पालाल छीपा, नटवर रामीना, मंछाराम, मोहनलाल माली, अभयसिंह देवड़ा, प्रभु देवड़ा, राजेश जोशी, गणेश राठौड़ आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# बिसलपुर के लक्ष्मण मीणा बने ब्लॉक अध्यक्ष

**बाली।** लक्ष्मण मीणा पोमावा, जिलाध्यक्ष प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ी जाति अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन (रजि.), ने संगठन के विधान में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए लक्ष्मण मीणा बिसलपुर, कनिष्ठ सहायक ग्राम पंचायत बेडल को 2 वर्ष के लिए संगठन का बाली ब्लॉक अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। मीणा ब्लॉक में संपूर्ण अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ी जाति वर्ग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जोड़कर आरक्षित वर्ग के हितार्थ कल्याण हेतु 15 दिवस में सभी को समाहित करते हुए ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन कर जिला कार्यालय को सूचित करने का आह्वान किया।



# महावीर इंटरनेशनल ने जरूरतमंदों को 200 भोजन पैकेट बांटे



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** महावीर इंटरनेशनल सुमेरपुर शिवगंज द्वारा रविवार को जरूरतमंदों को भोजन कराया गया।
सचिव पंकज जैन ने बताया कि संस्था द्वारा 200 भोजन के पैकेट असहाय परिवारों और उनके बच्चों को वितरित किए गए। महावीर इंटरनेशनल समय-समय पर जरूरतमंद परिवारों को आवश्यक सहायता उपलब्ध करवा रहा हैं। जिससे उनके जीवन में थोड़ी राहत पहुंचे। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र अग्रवाल, सदस्य मुकेश कुमार, कुलदीप कौशिक, हीरालाल पालीवाल, पंकज अग्रवाल, रजत माहेश्वरी, नरेश सांखला, स्वाति अग्रवाल, दीपक गोयल आदि सदस्य मौजूद रहे।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

ई-निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| विभाग | हायड्रोलिक इंजीनियर |
| उप विभाग | डीवाय. हायड्रोलिक इंजीनियर (भांडुप कॉंप्लेक्स) |
| महाटेंडर्स बोली आमंत्रण क्र. | 2024-एमसीजीएम-1140996-1 |
| बोली संदर्भ क्र. | डीवाय.एच.ई./बीसी/24/76/ओडी/एन |
| विषय एवं बोली क्र. | तीन (03) वर्ष (2025-2028) हेतु बैंडविड्थ का प्रदाय एवं वर्तमान वीएसएटी सिस्टम का संपूर्ण रखरखाव अनुबंध। |
| बोली का विक्रय | दिनांक 27.01.2025 को 11.00 बजे से<br>दिनांक 17.02.2025 को 16.00 बजे तक<br>लिफाफा ए, बी एवं सी जमा करना (ऑनलाइन) को 16.00 बजे तक।<br>नियत दिनांक: 17.02.2025 |
| वेबसाइट | http://mahatenders.gov.in |
| संपर्क अधिकारी | ए.ई. (स्काडा) भांडुप कॉंप्लेक्स |
| ए) नाम | श्री संदीप बी. पारसनीस |
| बी) फोन नं. (कार्यालय) | 022-25658509 |
| सी) मोबाइल नं. | 9920516593 |
| डी) ई-मेल पता | aescadabc.he@mcgm.gov.in |

कृते
बृहन्मुंबई महानगर पालिका
ई.ई. (एस.आई.पी.एस.) बी.सी.

PRO/2334/ADV/2024-25

भोजन से पूर्व एवं शौच के बाद साबुन से हाथ स्वच्छ धोएं।

अभियान के 'उत्तरप्रदेश दिवस समारोह' में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की झलक

# यूपी-महाराष्ट्र का सांस्कृतिक संगम

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुम्बई।** अभियान संस्था के उत्तरप्रदेश दिवस समारोह ने महाराष्ट्र गीत से समारोह की शुरुआत कर देश की अनेकता में एकता का दृश्य प्रस्तुत कर ज़बर्दस्त मिसाल पेश की। भोजपुरी फ़िल्मों के सुपर स्टार व गोरखपुर से सांसद रवि किशन ने कर्मभूमि व जन्मभूमि के बीच रिश्ता क़ायम करने की कोशिश की तो महाराष्ट्र के सांस्कृतिक कार्य व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री आशीष शेलार ने भगवान श्रीराम को सनातन का शिरोमणि बताया। अभियान का यह उत्तरप्रदेश दिवस समारोह यूपी व महाराष्ट्र की साझी संस्कृतियों के संगम का साक्षी बना। शुक्रवार को सांताक्रुज में उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस आयोजन ने इन दोनों राज्यों की सांस्कृतिक धरोहर को एक मंच पर लाकर उनकी विविधता और एकता का संदेश दिया। समारोह के दौरान महाराष्ट्र के मंत्री आशीष शेलार का सम्मान भगवान शिव का त्रिशूल देकर किया गया। सांसद रवि किशन ने कहा कि महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की धरती ने मुझे जो कुछ दिया है, उसका ऋण मैं कभी नहीं चुका सकता। मैं गर्व महसूस करता हूं कि मेरी जड़ें इस महान भूमि से जुड़ी हैं। महाराष्ट्र ने मुझे नई ऊंचाइयां छूने का मौका दिया। दोनों राज्यों का प्यार मेरी ताकत है।' गायक रितेश पांडेय ने कहा कि लोकगीतों के माध्यम से अपनी मिट्टी और संस्कृति को जीवित रखना उनकी जिम्मेदारी है।

एड. शेलार, रवि किशन, रितेश पांडेय रहे मौजूद

यूपी-महाराष्ट्र के प्रति रविकिशन ने जताई कृतज्ञता



## एक भारत श्रेष्ठ भारत के सपने को साकार कर रहा 'अभियान' : शेलार

कार्यक्रम में महाराष्ट्र के सांस्कृतिक मंत्री आशीष शेलार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को अभियान संस्था पूरा करता है। उन्होंने संस्थापक अमरजीत मिश्र की सराहना करते हुए कहा कि वे दोनों राज्यों के सांस्कृतिक विरासत के एम्बेसडर है। इस अवसर पर उनके हाथों से गोरखपुर के सांसद एवं प्रसिद्ध अभिनेता रवि किशन को डॉ. राममनोहर त्रिपाठी सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही प्रसिद्ध गायक रितेश पांडेय, उद्योगपति राजदीप गुप्ता, सीए पंकज जायसवाल, उत्तरभारतीय संघ की गीता सिंह और डॉ पुष्पा सिंह, गायिका प्रियंका सिंह,अभिनेत्री अंजना सिंह, गायक अर्जुन पांडेय और युवा उद्यमी स्वाति सिंह को भी उनके क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

## विविधता में एकता ही भारत की ताकत : अमरजीत मिश्र

उत्तर भारतीय नेता अमरजीत मिश्र ने कहा, 'उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र की संस्कृतियां न केवल हमें अपनी जड़ों से जोड़ती हैं, बल्कि हमें यह भी सिखाती हैं कि विविधता में एकता ही भारत की सबसे बड़ी ताकत है। यह आयोजन हमारी नई पीढ़ी को अपने राज्य और देश की सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने का प्रयास है।'

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोहा

आयोजन में उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अवधी, ब्रज और भोजपुरी लोक गीतों और नृत्यों ने उपस्थित दर्शकों को उत्तर प्रदेश की समृद्ध लोक परंपराओं से जोड़ा। वहीं महाराष्ट्र के पारंपरिक ढोल-ताशा और लेझीम नृत्य ने इस आयोजन में और अधिक ऊर्जा भर दी। यह कार्यक्रम इन दो संस्कृतियों के बीच की अद्भुत समानता और सौहार्द को दिखाने वाला एक आदर्श उदाहरण बना।

कार्यक्रम में आए उत्तर भारतीयों ने भोजपुरी और अवधी भाषा में माटी की महक को लेकर खूब चर्चा की और सुप्रसिद्ध गायक राकेश तिवारी बबलू के गीतों ने दर्शकों की खूब तालियाँ बंटोरी। संचालन कवि सुरेश मिश्र ने संचालन किया। समारोह में आए लंदन बिहारी कनेक्ट के उद्धेश्वर सिंह का भी सम्मान हुआ।



सांचौर विधायक जीवाराम चौधरी के माताजी के निधन पर उनके निवास पर सांत्वना देने पहुंचे समाजसेवी बाबूलाल भंसाली, मंत्री ओटाराम देवासी, सिरोही जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, पूर्व विधायक लादूराम बिश्नोई एवं वालाराम मूढ़ आदि।

# महाकुंभ में छाये बंदा बैरागी



■ सुरमयी अंदाज व संगीत के जादू में भक्तों को बांधा

**प्रयागराज।** आस्था और आध्यात्म की धरती पर महाकुंभ के अवसर पर सारा हिंदुस्तान उतर आया है। कलाग्राम में सोमवार को नृत्य और गीत का ऐसा संगम शुरू हुआ, जिससे समूचे भारत की कला और संस्कृति की झलक देखने को मिल रही है। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कुंभ में भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत के इस उत्सव में सांस्कृतिक एकजुटता के मूलमंत्र के साथ हर राज्य की कलाओं की प्रस्तुति हो रही है। कलाग्राम का भव्य मंच सोमवार को प्रसिद्ध गायक बंदा बैरागी के नाम रहा। उनके मंच पर आते ही मौजूद श्रोताओं ने तालियों से उनका स्वागत किया। उनके सुरीले गीतों और शानदार परफॉर्मेंस ने हर किसी को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत उनकी लोकप्रिय भजन "मन लागा मेरा यार फकीरी में"... से हुई, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद "तू लाख इफाजत करले तू लाख करे रखवाली उड़ जायेगा एक दिन पंछी", "क्या बिगाडेगा जमाना.... " "जरा हल्के गाड़ी हाँकियो मेरे राम गाड़ी वाले" तथा "नमो नमो जी शंकरा भोलेनाथ शंकर" की प्रस्तुति ने माहौल को शिवमय बना दिया।

सैफ अली खान केस पर बोले मुख्यमंत्री फडणवीस

# कंफ्यूजन पैदा न करे मीडिया



**मुंबई।** अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले के मामले को लेकर सीएम फडणवीस का बयान आया है। उन्होंने कहा कि मैं इस मामले में मुंबई पुलिस कमिश्नर से बात करूंगा। मुख्यमंत्री ने कहा, "मैं मीडिया से सैफ मामले पर इतना ही कहूंगा, जिन बातों की पुष्टि पुलिस ने नहीं की है, उसे बार-बार दिखाकर कंफ्यूजन पैदा न करें। इस मामले में पुलिस की तरफ से अच्छे से जांच की गई है और जल्द ही इसे अंतिम छोर तक ले जाया जाएगा। मैं मुंबई पुलिस कमिश्नर से भी कहता हूं कि वह एक-दो दिन के अंदर मीडिया को पूरे मामले की अपडेट दें।"

मुंबई पुलिस जल्द देगी पूरी जानकारी

## सामने आईं कई चौंकने वाली जानकारियां

बता दें कि अभिनेता सैफ अली पर हमले को लेकर नई चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। जांच में जुटी पुलिस के अनुसार, घटनास्थल से मिले 19 फिंगरप्रिंट की रिपोर्ट निगेटिव आई है, आरोपी शरीफुल इस्लाम शहजाद के नमूने उस रिपोर्ट से मेल नहीं खाते हैं। सीआईडी (अपराध जांच विभाग) ने सैफ अली खान के घर से मिले फिंगरप्रिंट के सैंपल और मामले में गिरफ्तार आरोपी शरीफुल इस्लाम के फिंगरप्रिंट को मैच कर जानकारी दी।

## पश्चिम बंगाल से महिला गिरफ्तार

मुंबई पुलिस ने सोमवार को सैफ अली खान पर हुए हमले मामले में पश्चिम बंगाल से एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में तलाशी अभियान चलाकर महिला को हिरासत में लिया है। एक सूत्र ने बताया कि जांच में पता चला है कि हमले के लिए मुंबई में पहले गिरफ्तार किए गए बांग्लादेशी नागरिक द्वारा इस्तेमाल किया गया सिम महिला के नाम पर रजिस्टर्ड था। महिला का नाम खुखुमोनी जहांगीर शेख है। वह सैफ अली खान पर हमले के मामले में गिरफ्तार बांग्लादेशी शरीफुल फकीर को जानती थी।

# सांवलिया सेठ को भेंट किया चांदी का रावण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान के सांवलिया सेठ मंदिर में भक्तों की अटूट आस्था और चमत्कारों की कहानियां अक्सर सुनने को मिलती हैं। इसी कड़ी में जिले के बड़ी सादड़ी निवासी छोटूलाल वाल्मीकि ने अपनी मनोकामना पूरी होने पर भगवान सांवलिया सेठ को चांदी का रावण भेंट किया है। यह रावण 141 ग्राम चांदी से निर्मित है और इसे छोटूलाल ने दशहरे पर अपनी प्रार्थना के सफल होने की खुशी में चढ़ाया। दरअसल दशहरे के मौके पर छोटूलाल वाल्मीकि ने निंबाहेड़ा में प्रदेश के सबसे बड़े 76 फीट ऊंचे रावण के पुतले का निर्माण किया था। इसके अलावा नाथद्वारा और कोटा में भी पुतलों के निर्माण के ठेके लिए थे लेकिन दशहरे से कुछ दिन पहले 9 अक्टूबर को बारिश शुरू हो गई, जो लगातार 11 अक्टूबर तक जारी रही। मौसम विभाग ने भी दशहरे के दिन बारिश की संभावना जताई थी, जिससे छोटूलाल निराश हो गए। ऐसे में छोटूलाल ने भगवान सांवलिया सेठ से मनोकामना की कि यदि रावण दहन बिना किसी बाधा के हो गया तो वे मंदिर में चांदी का रावण भेंट करेंगे। 12 अक्टूबर को दशहरे के दिन मौसम विभाग की चेतावनियों के बावजूद बारिश थम गई थी।



## सांवलिया सेठ का चमत्कार

- छोटूलाल ने इसे भगवान सांवलिया सेठ का चमत्कार मानते हुए मनोकामना पूरी होने पर चांदी से बना रावण भेंट करने का संकल्प पूरा किया। छोटूलाल ने बताया कि दशहरे के समय बारिश ने उन्हें निराश कर दिया था और वे काम छोड़ने का मन बना चुके थे लेकिन भगवान सांवलिया सेठ की कृपा से न केवल रावण दहन हुआ, बल्कि तीनों स्थानों पर उनका काम भी सफल रहा। उन्होंने बताया कि निंबाहेड़ा का 76 फीट ऊंचा रावण इस बार प्रदेश में सबसे बड़ा था।

## कई व्यवसायों में भागीदार

- मंदिर में श्रद्धालु अक्सर अपनी मनोकामना पूरी होने पर सोने-चांदी के चढ़ावे चढ़ाते हैं। सांवलिया सेठ को कई व्यापारी अपने व्यवसाय का भागीदार भी मानते हैं और उनकी आय का एक हिस्सा मंदिर को अर्पित करते हैं। छोटूलाल ने बताया कि इस बार प्रदेश के कई इलाकों में बारिश के कारण रावण के पुतले भीग गए थे।

# मेरा तो डीएनए भी भारतीय निकला : राष्ट्रपति सुबियांतो

## मोदी संग मुलाकात में बोले इंडोनेशियाई प्रेसिडेंट

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित डिनर के दौरान इस बार के मुख्य अतिथि इंडनोशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने ऐसी बात कह दी कि वहां मौजूद सभी लोग हंस पड़े। सुबियांतो ने के कहा कि कुछ सप्ताह पहले उन्होने अपना जेनेटिक टेस्ट करवाया और तब पता चला कि उनका भी डीएनए भारतीय है। मेरे भी पूर्वज भारतीय थे। उन्होंने कहा, सभी जानते हैं कि जब भी मैं भारतीय संगीत सुनता हूं तो झूम उठता हूं। यह मेरे भारतीय जीन्स का हिस्सा है। उनके पास ही मौजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ उनकी यह बात सुनकर हंस पड़े। बतादें कि 76वें गणतंत्र दिवस के मौके पर सुबियांतो भारत में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद हैं।



### 'प्रधानमंत्री मोदी का बड़ा प्रशंसक हूं'

सुबियांतो ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के काफी प्रशंसक हैं। उन्होंने कहा, मुझे गर्व है कि मैं भारत में हूं। मैं एक प्रोफेशनल राजनेता नहीं हूं। एक अच्छा डिप्लोमैट भी नहीं हूं। लेकिन मैं दिल से कहता हूं कि मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बहुत कुछ सीखा है। राष्ट्रपति भवन में रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित जलपान समारोह मुख्य रूप से दक्षिण भारत की पाक कला और सांस्कृतिक विविधता पर केंद्रित था।

# राजस्थान हाईकोर्ट में तीन न्यायाधीशों ने ली शपथ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जोधपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट में सोमवार सवेरे तीन नवनियुक्त न्यायाधीशों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। मुख्यपीठ जोधपुर में आयोजित समारोह में मुख्य न्यायाधीश एम. एम. श्रीवास्तव ने तीनों न्यायाधीशों को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद राजस्थान हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की कुल संख्या 33 हो गई है। सुप्रीम कोर्ट की अनुशंसा और केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद राष्ट्रपति भवन से चन्द्रशेखर शर्मा, प्रमिल कुमार माथुर और चन्द्रप्रकाश श्रीमाली के नामों का नियुक्ति वारंट जारी किया गया था। यह नियुक्ति न्यायिक अधिकारी कोटे से की गई है। शपथ ग्रहण समारोह सुबह 10 बजे हाईकोर्ट के झालामंड स्थित मुख्यपीठ के कोर्ट रूम में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव ने तीनों नवनियुक्त न्यायाधीशों को शपथ दिलाई। समारोह में हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश डॉ. पुष्पेंद्र सिंह भाटी, दिनेश मेहता, विनीत कुमार माथुर, बिरेंद्र कुमार, मनोज कुमार गर्ग, मुन्नुरी लक्ष्मण, फरजंद अली, रेखा बोराणा, कुलदीप माथुर, डॉ. नूपुर भाटी और योगेंद्र कुमार पुरोहित मौजूद रहे। जयपुर पीठ के सभी न्यायाधीशों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समारोह में भाग लिया।



# राजस्थान पुलिस मुख्यालय में बम की सूचना, मचा हड़कंप



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** गणतंत्र दिवस के दिन शाम को बम की सूचना से राजधानी में हड़कंप मच गया। ये बम राजस्थान पुलिस मुख्यालय में रखे होने की सूचना प्रशासन को मिली। राजस्थान पुलिस मुख्यालय में बम की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आ गया। मौके पर तुरंत जांच टीम को भेजा गया। टीमों ने मौके पर सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान टीम को कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। जांच पूरी होने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार रविवार शाम गणतंत्र दिवस के मौके पर पुलिस कंट्रोल रूम में किसी ने फोन पर पुलिस मुख्यालय में बम रखे होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। चारों तरफ हड़कंप मच गया। सूचना के तुरंत बाद ही पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई। तुरंत ही बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वाड टीम सहित अन्य एजेंसियां पुलिस मुख्यालय पहुंची और सर्च ऑपरेशन चलाया। काफी देर पुलिस का सर्च ऑपरेशन चलता रहा। इस दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।

## देर रात एक व्यक्ति गिरफ्तार

- जिस नंबर से कॉल आया था, उसे ट्रेस करते हुए शिप्रापथ पुलिस ने एक व्यक्ति को देर रात गिरफ्तार कर लिया। जांच में पता चला कि युवक ने शराब के नशे में पुलिस कंट्रोल रूम को बम की धमकी वाला कॉल किया था। गौरतलब है कि पिछले साल में जयपुर में स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, बस स्टेशन और एयरपोर्ट तक को बम से उड़ाने की धमकियां मिल चुकी हैं। इसलिए एजेसिंया इस मामले को लेकर लगातार सतर्क हैं। ऐसे में फेक कॉल करने वाले लोगों के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई होगी।

# 'बजाज एलिवेट इंडिया-विकसित भारत ध्येय हमारा' अभियान का शुभारम्भ

**मुंबई।** देश के प्रमुख औद्योगिक घरानों में से एक बजाज समूह द्वारा गणतंत्र दिवस के महत्वपूर्ण अवसर पर 26 जनवरी, 2025 को अपने विशेष अभियान 'बजाज एलिवेट इंडिया - विकसित भारत ध्येय हमारा' का शुभारम्भ किया गया। इस अभियान के विधिवत शुभारम्भ की घोषणा करते हुए बजाज फाउंडेशन के अध्यक्ष और बजाज समूह के संरक्षक श्री शिशिर बजाज ने कहा कि यह अभियान देश के ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने के लिए बजाज समूह की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का उत्सव है। इस अभियान के तहत, बजाज समूह द्वारा 5 टीज़र वीडियो और 28 मिनट की एक सीएसआर फिल्म रिलीज करने का निर्णय लिया गया है। यह विशेष फिल्म 26 जनवरी, 2025 को शाम 4 बजे डीडी किसान चैनल पर प्रसारित की गई, जिसे बजाज ग्रुप के यूट्यूब चैनल पर भी उपलब्ध कराया गया है। यह फिल्म हिंदी और अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है। यह फिल्म बजाज फाउंडेशन के परिवर्तनकारी कार्यों पर प्रकाश डालती है। उल्लेखनीय है कि बजाज फाउंडेशन की प्रमुख पहलों में 245 नदियों का पुनर्जीवन और 8,000 से अधिक जल संचयन संरचनाओं का निर्माण मुख्य रूप से शामिल है।



खून का अवैध कारोबार

# नाकाबंदी करके 250 यूनिट से ज्यादा ब्लड पकड़ा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर के जोबनेर इलाके में पुलिस ने खून के अवैध कारोबार का भंडाफोड़ किया गया है। रविवार देर रात नाकाबंदी के दौरान एक गाड़ी से 250 यूनिट से ज्यादा अवैध रूप से संग्रहित ब्लड बरामद किया गया। यह ब्लड दूसरे शहरों और राज्यों में अवैध रूप से सप्लाई किया जा रहा था। मकराना थाने के सामने स्थित एक निजी ब्लड बैंक संचालक द्वारा इस घिनौने काम को अंजाम दिया जा रहा था। पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान गाड़ी को रुकवाया, जिसमें तीन लोग सवार थे। पूछताछ के दौरान वे पुलिस के सवालों का गोलमोल जवाब देते रहे, जिसके बाद तीनों को हिरासत में ले लिया गया। एसपी आनंद शर्मा के निर्देश और एएसपी रजनीश पूनिया की निगरानी में एसएचओ सुहेल खान के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। मौके पर ड्रग विभाग की टीम को भी बुलाया गया। जांच में पता चला कि मकराना की एक निजी ब्लड बैंक से इस अवैध कारोबार को संचालित किया जा रहा था। पुलिस और ड्रग विभाग की टीम अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और संभावित राज्यों तक इस ब्लड की सप्लाई की जांच कर रही है। इस मामले में शामिल अन्य संदिग्धों की तलाश की जा रही है।

तीन गिरफ्तार



# राजस्थान में शीतलहर : जयपुर-भरतपुर संभाग में बारिश की चेतावनी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान में ठंड और बारिश का दौर फिलहाल बना रहेगा। जयपुर मौसम केंद्र ने मंगलवार को जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की चेतावनी जारी की है। उत्तरी हवाओं के प्रभाव से अगले तीन दिनों में तापमान में गिरावट आ सकती है। रविवार को प्रदेश के कुछ हिस्सों में शीतलहर का प्रभाव देखने को मिला। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि 29 जनवरी को हिमालय पर एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इसके प्रभाव उत्तरी भारत सहित राजस्थान पर भी देखने को मिलेगा। फिलहाल राजस्थान के अधिकांश जिलों में न्यूनतम तापमान का स्तर सामान्य से 3 से 6 डिग्री तक नीचे बना हुआ है। प्रदेश में बीते 24 घंटों के तापमान की बात करें तो सर्वाधिक अधिकतम तापमान बाड़मेर में 29.1 डिग्री रहा। वहीं निम्नतम न्यूनतम तापमान फतेहपुर में 1.2 डिग्री व सीकर में 3.3 डिग्री दर्ज किया गया। चुरू में न्यूनतम तापमान 3.6 डिग्री रहा, वहीं भीलवाड़ा में न्यूनतम पारा 4.6 डिग्री रहा। अलवर में न्यूनतम तापमान 5.1 डिग्री, पिलानी में 5 डिग्री, कोटा में 6.6 डिग्री, चित्तौड़गढ़ में 5.1 डिग्री, जैसलमेर में 7.5 डिग्री, गंगानगर में 7.8 डिग्री दर्ज किया गया। अगले 48 घंटों के दौरान प्रदेश में न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री तक की गिरावट आ सकती है।



■ फतेहपुर में पारा जीरो के पास

# लग्जरी कार से 370 किलो अवैध डोडा पोस्त पकड़ा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चित्तौड़गढ़।** लग्जरी कार का उपयोग अक्सर लोग आरामदायक सफर और टशन दिखाने के लिए करते हैं। बाजार में एक से बढ़कर लग्जरी कारें मौजूद हैं। लेकिन अब ये लग्जरी कारें तस्करी में बखूबी काम ली जाने लगीं हैं। तस्कर लग्जरी कारों को फुल स्पीड से दौड़ाते हैं। उन्हें लगता है कि उनके पीछे दौड़ने वाले पुलिस के पुराने वाहन हांफने लग जाएंगे। लेकिन हर बार ऐसा नहीं होता है। अब पुलिस ने इसकी भी काट निकाल ली है। चित्तौड़गढ़ पुलिस ने एक फॉर्च्यूनर कार को पकड़कर उसमें भरा भारी मात्रा में डोडा पोस्त बरामद किया है। पुलिस ने 'स्टॉप स्टिक' से कार का टायर पंक्चरकर उसे पकड़ लिया।

## लग्जरी कारों में तस्करी

- राजस्थान में पुलिस को चकमा देने के लिए तस्कर अब लग्जरी कारों में डोडा पोस्त की तस्करी कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला चित्तौड़गढ़ में सामने आया है। यहां तस्कर फॉर्च्यूनर कार में डोडा पोस्त लेकर जा रहे थे। पुलिस ने कार को पंक्चर कर उसे पकड़ लिया। पुलिस को कार में डोडा पोस्त से भरे प्लास्टिक के 21 कट्टे मिले हैं। उनमें 369 किलो 355 ग्राम अवैध अफीम डोडा पोस्त भरा हुआ था। लेकिन तस्कर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।

# मोबाइल विवाद में युवक को चाकू से गोदा, एक नाबालिग गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**दौसा।** जिले के सोमनाथ इलाके में रविवार रात एक सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया। मोबाइल के लेनदेन को लेकर हुए विवाद ने ऐसा मोड़ लिया कि पड़ोसी ने अपने साथी के साथ मिलकर सोते हुए व्यक्ति पर चाकुओं से हमला कर दिया। घटना में दौसा जिला पुलिस अधीक्षक के पीए सोहनलाल के बेटे का नाम सामने आया है, जो नाबालिग है। पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ लिया है, जबकि दूसरा आरोपी फरार है। मामला सोमनाथ इलाके की एक कॉलोनी का है। बताया जा रहा है कि मृतक और आरोपी के बीच मोबाइल बेचने और पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ गया कि रविवार रात करीब 12 बजे आरोपियों ने सोते हुए युवक पर चाकुओं से हमला कर दिया। मृतक के शरीर पर 6-7 चाकू के गहरे घाव पाए गए हैं। पड़ोसियों ने बताया कि रात में चिल्लाने की आवाज सुनकर जब वे मृतक के घर पहुंचे, तो उन्होंने एक नाबालिग को मौके पर पकड़ लिया। दूसरा आरोपी राहुल मीना घटना के तुरंत बाद फरार हो गया। पुलिस जांच में सामने आया है कि पकड़ा गया नाबालिग दौसा जिला पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा के पीए सोहनलाल का बेटा है। उसकी उम्र लगभग 17 साल बताई जा रही है।



■ आरोपी एसपी के पीए का बेटा

# दिल्ली चुनाव : भाजपा उम्मीदवार सबसे अमीर

■ करनैल सिंह के पास 259 करोड़ रुपये की संपत्ति

■ तीन उम्मीदवारों ने घोषित की शून्य संपत्ति



## दिल्ली पांच अमीर उम्मीदवार

धनी उम्मीदवारों में करनैल सिंह (भाजपा, शकूर बस्ती) 259.67 करोड़ रु., मनजिंदर सिंह सिरसा (भाजपा, राजौरी गार्डन) 248.85 करोड़ रु., गुरचरण सिंह (कांग्रेस, कृष्णा नगर) 130.90 करोड़ रु., प्रवेश वर्मा (भाजपा, नई दिल्ली) 115.63 करोड़ एवं ए धनवती चंदेला (आप, राजौरी गार्डन) 109.90 करोड़ रुपये के मालिक हैं।

## बड़े कर्जे में हैं अमीर उम्मीदवार

अमीर उम्मीदवारों की देनदारियां चिंता का विषय हैं। प्रवेश साहिब सिंह वर्मा (भाजपा) की देनदारियां सबसे अधिक 74.36 करोड़ रुपये हैं, उसके बाद मनजिंदर सिंह सिरसा (भाजपा) की देनदारियां 57.68 करोड़ रुपये हैं। 2023-2024 वित्तीय वर्ष के लिए घोषित आय के संदर्भ में, प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने 20.60 करोड़ रुपये की रिपोर्ट की है।

**नई दिल्ली।** चुनाव अधिकार निकाय एडीआर के अनुसार, दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मैदान में उतरे 699 उम्मीदवारों में भाजपा उम्मीदवार करनैल सिंह सबसे अमीर उम्मीदवार हैं, जिनकी संपत्ति 259 करोड़ रुपये है। तीन उम्मीदवारों ने शून्य संपत्ति घोषित की है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने एक रिपोर्ट में उम्मीदवारों की वित्तीय पृष्ठभूमि में असमानता का खुलासा किया है। 2020 के चुनाव की तुलना में, विश्लेषण किए गए उम्मीदवारों की संख्या 672 से बढ़कर 699 हो गई है। पांच उम्मीदवार अरबपति हैं, जिन्होंने 100 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति घोषित की है। इसके अतिरिक्त, 23 उम्मीदवारों या 3 प्रतिशत ने 50 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति घोषित की है, जो 2020 के चुनाव में 2 प्रतिशत से मामूली वृद्धि है। 31.76 प्रतिशत या 222 उम्मीदवारों ने 10 लाख रुपये से कम की संपत्ति की सूचना दी। वहीं स्पेक्ट्रम के दूसरे छोर पर, तीन उम्मीदवारों ने शून्य संपत्ति घोषित की है, जिनमें शबाना (राष्ट्रीय रिपब्लिकन पार्टी) और योगेश कुमार (निर्दलीय) शामिल हैं।